

शैलपुत्री: यह स्वरूप प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है।

दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

कदम बढ़ाएं, सच के साथ



शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकानाएं

वर्ष : 15 | अंक : 319 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर | सोमवार, 22 सितंबर 2025 | आश्विन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा संवत् - 2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan


जयपुर में अवैध निर्माण का बड़ा खेल

# मंत्री की शिकायत भी बेअसर, जेडीए की नाक तले खड़ा हुआ सात मंजिला अस्पताल

## अदालत और प्राधिकरण के आदेशों की अनदेखी, नियमों की धज्जियां; मिलीभगत से भूमाफिया के हौसले बुलंद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में अवैध निर्माण का मामला है जिसने न केवल जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विश्वविद्यालय नगर (जेडीए जोन-9) के भूखण्ड संख्या 207, 208, 209 और 211 पर भूमाफिया ने नियमों और अदालती आदेशों को ताक पर रखकर एक सात मंजिला अस्पताल खड़ा कर दिया। इस निर्माण ने यह साफ कर दिया है कि राजधानी में अवैध निर्माण का खेल किस तरह बेखौफ और खुलेआम चल रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पूर्व राज्यसभा सांसद और मौजूदा मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की शिकायत के बावजूद भी इस निर्माण पर कोई अंकुश नहीं लगाया गया।




### अनुमोदित नक्शा और असली तस्वीर में जमीन-आसमान का फर्क

जेडीए की ओर से अनुमोदित मानचित्र में निर्माणकर्ता को केवल बेसमेंट सहित छह मंजिलों तक की अनुमति थी। इसके बावजूद मौके पर बेसमेंट + सात मंजिल का निर्माण कर दिया गया। इतना ही नहीं, भवन के चारों ओर जो सेटबैक क्षेत्र छोड़ा जाना था, उसे भी पूरी तरह कब्जा लिया गया। आगे और साइड में 15-15 फीट सेटबैक अनिवार्य था, जिसे नजरअंदाज कर दिया गया। पीछे के हिस्से में लगभग 10x35 फीट सेटबैक क्षेत्र पर भी निर्माण कर लिया गया। भूखण्ड संख्या-211 (208.52 वर्गगज) को भी निर्माण में जोड़कर जीरो सेटबैक पर बी+6 मंजिल का निर्माण किया गया। इस तरह अनुमोदित योजना और वास्तविक निर्माण में भारी अंतर देखा गया। यह सब भवन विनियम 2020 की धारा 27(3) का सीधा उल्लंघन है, जो कहता है कि सेटबैक क्षेत्र किसी भी हालत में नहीं भरा जा सकता।

### 19 सितंबर को दैनिक बढ़ता राजस्थान में प्रकाशित खबर



कानून को बना लिया चपरासी, आदेशों की चाय बना दी-अब खुलेआम बिक रहा न्याय?

जयपुर में बेखौफ भूमाफिया, JDA की नाक के नीचे खड़ी कर दी 7 मंजिला अवैध इमारत

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजधानी जयपुर में अवैध निर्माण का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की तमाम कार्रवाई और अदालती आदेशों के बावजूद, बेखौफ़ भूमाफिया ने एक सात मंजिला अवैध इमारत खड़ी कर दी। यह मामला जेडीए के जोन-9 में स्थित विश्वविद्यालय नगर का है, जहां भूखंड संख्या 207, 208, 209 और 211 को मिलाकर 30 फीट रोड पर एक विशाल अस्पताल का निर्माण किया गया है, जिसने भवन निर्माण नियमों और कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाई हैं।

धोखाधड़ी का खेल: कागजों पर कुछ, हकीकत में कुछ और

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस भवन का निर्माण स्वीकृत नक्शे से पूरी तरह भिन्न है। अनुमोदित नक्शे में बेसमेंट के साथ छह मंजिलें बनाने की अनुमति थी, लेकिन निर्माणकर्ता ने नियमों को दरकिनार करते हुए एक अतिरिक्त मंजिल, यानी बेसमेंट के साथ सात मंजिलें खड़ी कर दीं। इतना ही नहीं, भवन के चारों ओर निर्धारित सेटबैक क्षेत्र (खुली जगह) को भी पूरी तरह से कवर कर लिया गया है, जो भवन विनियम 2020 की धारा 27(3) का सीधा उल्लंघन है। इस धारा के अनुसार प्रत्येक भवन में निर्धारित प्रतिशत में खुली जगह छोड़ना अनिवार्य है।

नोटिस और आदेशों का 'मज़ाक'

जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने इस अवैध निर्माण पर मई 2023 में सख्त रुख अपनाते हुए जेडीए अधिनियम, 1982 की धारा 32 और 33 के तहत नोटिस जारी किया था। इसके बाद निर्माणकर्ता ने माननीय अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील दायर कर दी। 19 मई 2023 को न्यायाधिकरण ने आदेश दिया कि जब तक कानूनी प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक निर्माण पर रोक रहेगी। लेकिन, न्यायालय के इस स्पष्ट आदेश के बावजूद, निर्माण कार्य 'युद्ध स्तर पर' जारी रहा। जून 2023 में, जेडीए ने एक बार फिर निर्माणकर्ता को 7 दिनों के भीतर अवैध निर्माण हटाने का आदेश दिया, लेकिन इस आदेश का भी कोई असर नहीं हुआ और निर्माण बेरोकटोक चलता रहा।

कानून का 'इस्तेमाल' और फिर 'धोखा'

इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल तब खड़ा होता है जब नवंबर 2023 में, निर्माण पूरा होने के बाद, निर्माणकर्ता ने अपनी कोर्ट अपील को वापस ले लिया। इस कदम से यह साफ हो गया कि उन्होंने केवल न्यायालय के 'स्टे' आदेश का इस्तेमाल अवैध निर्माण पूरा करने के लिए किया और फिर कानूनी प्रक्रिया का मज़ाक उड़ाते हुए अपनी अपील वापस ले ली। इस घटना ने न केवल जेडीए की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं, बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि भूमाफिया के हौसले कितने बुलंद हैं। आम जनता में यह संदेश गया है कि नियमों और आदेशों का उल्लंघन कर भी 'काम' किया जा सकता है। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इस गंभीर मामले पर कोई निर्णायक कार्रवाई करता है या इस अवैध इमारत को भी 'चलताऊ' मानकर छोड़ दिया जाता है।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

"मामले को दिखवाता हूं, नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।"
-ब्रजभूषण अग्रवाल, जेडीए जोन-9 प्रवर्तन अधिकारी

"मामला सुलझ गया है। बाकी जानकारी मेरे वकील को है।"
-डॉ. महेंद्र कुमार मीना, अस्पताल संचालक

निर्माणकर्ता से विस्तृत टिप्पणी लेने की कोशिश की गई, लेकिन खबर लिखे जाने तक केवल इतना ही जवाब मिला।

### मंत्री की शिकायत भी रही बेअसर

पूर्व राज्यसभा सांसद और मौजूदा मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने मई 2023 में इस अवैध निर्माण की शिकायत दर्ज करवाई थी। सामान्यत: किसी मंत्री की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई होती है, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पूरा मामला मिलीभगत का नतीजा है। अगर मंत्री स्तर की शिकायत भी अनसुनी हो सकती है, तो आम आदमी की आवाज़ का क्या असर होगा, यह सोचने वाली बात है।



### नोटिस, अदालत और आदेश-सब ठंडे बस्ते में



अवैध निर्माण रोकने के लिए जेडीए प्रवर्तन दल ने 14 मई 2023 को जेडीए अधिनियम 1982 की धारा 32 और 33 के तहत नोटिस जारी किया। निर्माणकर्ता ने इसका जवाब दिया, लेकिन वह असंतोषजनक पाया गया। बाद में बिल्डर ने अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील दायर कर स्टे ले लिया। 19 मई 2023 को न्यायालय ने साफ आदेश दिया कि जब तक कानूनी प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक निर्माण रोका जाए। लेकिन इसके बावजूद निर्माण युद्धस्तर पर चलता रहा। जून 2023 में जेडीए ने सात दिन में अवैध निर्माण हटाने का आदेश दिया। इस आदेश की भी पूरी तरह अनदेखी कर दी गई। नवंबर 2023 तक इमारत तैयार कर ली गई और बाद में निर्माणकर्ता ने अपील वापस ले ली। इस पूरे घटनाक्रम से यह साफ झलकता है कि आदेश और नोटिस केवल कागज़ी खानापूर्ति बनकर रह गए और कार्रवाई कभी धरातल पर नहीं उतरी।

### आम जनता में गुस्सा और सवाल

इस घटना ने आम जनता में गहरी नाराजगी पैदा कर दी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि अगर नियमों और आदेशों को ताक पर रखकर इस तरह का विशाल निर्माण किया जा सकता है, तो इसका सीधा मतलब है कि कानून और व्यवस्था सिर्फ दिखावे के लिए है। लोगों का यह भी कहना है कि ऐसे अवैध भवन न केवल शहर की प्लानिंग को बिगाड़ते हैं, बल्कि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के लिहाज से भी खतरनाक साबित हो सकते हैं।

### जेडीए की कार्यप्रणाली पर सवाल

- क्या जेडीए को निर्माण जारी रहने की जानकारी नहीं थी?
- प्रवर्तन शाखा और तकनीकी टीम ने आदेशों का पालन क्यों नहीं करवाया?
- नोटिस और आदेश जारी होने के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हुई?
- क्या यह सब बिना अधिकारियों की सरपरस्ती के संभव था?

— इन सवालों का जवाब जेडीए और प्रशासन दोनों को देना होगा।

### बड़ा सवाल: क्या होगी कार्रवाई?

यह मामला केवल एक अवैध निर्माण का नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की विश्वसनीयता का है। अगर आदेशों और नियमों को इस तरह दरकिनार किया जा सकता है, तो फिर कानून का कोई मतलब नहीं रह जाता।अब सबकी निगाहें प्रशासन और सरकार पर हैं कि क्या वे इस अवैध इमारत पर कोई निर्णायक और ठोस कार्रवाई करेंगे या यह मामला भी कई अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबा रह जाएगा।

## डबल इंजन की सरकार वागड़ क्षेत्र का कर रही बुनियादी विकास: मुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान को विकास की महत्वपूर्ण सौगातें दी हैं। बांसवाड़ा-डूंगरपुर सहित सम्पूर्ण आदिवासी क्षेत्र में गरीब कल्याण एवं विकास योजनाओं के माध्यम से स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। जिससे उनका जीवनस्तर भी बेहतर बन रहा है। उन्होंने कहा कि वागड़ के बुनियादी विकास के लिए डबल इंजन की सरकार कृतसंकल्पित है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को बांसवाड़ा के कुशलबाग क्रिकेट स्टेडियम में शहरी सेवा शिविर का अवलोकन तथा निक्षय पोषण किट का वितरण किया। उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर से हमारी सरकार प्रदेश में शहरी सेवा शिविर और ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन कर रही है। इन शिविरों के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय का संकल्प साकार हो रहा है तथा जनोपयोगी कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार 'राजस्थान धर्मांतरण विरोधी विधेयक' लाई है।



### सेवा शिविरों में जनोपयोगी कार्य हो रहे पूर्ण

श्री शर्मा ने कहा कि शहरी सेवा शिविर में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से लेकर जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तत्काल बन रहे हैं। साथ ही, पेंशन योजनाओं में नाम दर्ज कराने से लेकर राशन कार्ड बनवाने तक, सभी काम शिविरों में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहरों की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए व्यापक अभियान चलाए जा रहे हैं।

## ओडिशा में अवैध पटाखा गोदाम में विस्फोट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एंजेन्सी)।** ओडिशा के बौध जिले में रविवार दोपहर को एक अवैध पटाखा गोदाम विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। घटना जिले के हरभंगा ब्लॉक स्थित जियाकाटा-छत्रपुर के पटाखा गोदाम में हुई। धमाका इतना शक्तिशाली था कि पूरा गोदाम मलबे में तब्दील हो गया। बौध के एसपी राहुल गोयल ने बताया, स्थानीय पुलिस, अग्निशमन कर्मियों, बम निरोधक दस्ते, वैज्ञानिक दल और डॉग स्क्वॉड की मदद से व्यापक बचाव अभियान चलाया गया, क्योंकि मलबे में कुछ लोगों के दबे होने का संदेह था। उन्होंने कहा कि गोदाम में अवैध ढंग से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ जमा था।

## भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया, अभिषेक का पचासा; गिल ने भी दिखाया दम



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एंजेन्सी)।** भारत ने एशिया कप के सुपर चार चरण के मैच में पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर विजयी अभियान जारी रखा है। भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पाकिस्तान ने साहिबजादा फरहान के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन बनाए। जवाब में अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने भारत को दमदार शुरुआत दिलाई और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई। भारत ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 174 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। भारत के लिए अभिषेक ने शानदार बल्लेबाजी की और 39 गेंदों पर छह चौकों और पांच छक्कों की मदद से 74 रन बनाए। उन्होंने गिल के साथ पहले विकेट के लिए 105 रनों की साझेदारी की। मौजूदा टूर्नामेंट में किसी भी टीम के लिए किसी भी विकेट के लिए पहली 100+ साझेदारी है।




## संजय आर्य को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त

**बढ़ता राजस्थान, पावटा।** अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय



अध्यक्ष वीर सिंह धिगान के आदेशानुसार, प्रदेशाध्यक्ष तरुण पंडित ने संजय आर्य को कोटपूतली-बहरोड़ जिले का सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। इस नई भूमिका के तहत संजय आर्य को जिले में पार्टी के सोशल मीडिया खातों का संचालन करने और संगठन की ऑनलाइन उपस्थिति को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेशाध्यक्ष तरुण पंडित ने संजय आर्य को बधाई देते हुए कहा कि वे सोशल मीडिया की गहरी समझ रखने वाले अनुभवी व्यक्ति हैं और पार्टी की ऑनलाइन गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं संगठन का संदेश जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## अग्रवाल समाज ने महाराजा अग्रसेन एवं महालक्ष्मी जी की 1100 दीपों से महा आरती आयोजित की



**बढ़ता राजस्थान, हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** अग्रवाल समाज द्वारा पत्थरवालों की धर्मशाला में शनिवार रात को महाराजा अग्रसेन एवं कुलदेवी महालक्ष्मी जी की भव्य महा आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 1100 दीपों से आरती का प्रकाश हुआ और सैकड़ों अग्र बंधु एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सांय 7 बजे गणेश जी के प्रति दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। आरती का संचालन समाज के महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका ने किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। महा आरती में अग्र बंधु और अग्र महिलाएं बड़े उत्साह के साथ शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान निशुल्क लक्की ड्रॉ का आयोजन किया गया और मातृ शक्तियों का विशेष सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने आरती में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और श्रद्धा भाव से भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में भामाशाह विजय संगई और प्रेम चंद गुप्ता का सम्मान किया गया। सभी अग्र बंधु एवं मातृ शक्तियों को प्रसाद वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## रविन्द्र चौधरी बने इंडियन आर्मी में मेडिकल ऑफिसर (कैप्टेन)

**बढ़ता राजस्थान, हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** ग्राम करई निवासी



डॉ. रविन्द्र चौधरी (एमबीबीएस), पुत्र बनैसिंह जाट (पटवारी), को इंडियन आर्मी में कैप्टेन पद पर चयनित किया गया है। डॉ. रविन्द्र को जम्मूतवी में ज्वाइनिंग मिली है। इस सफलता का श्रेय डॉ. रविन्द्र ने अपने माता-पिता को दिया। उनके इस उपलब्धि से गांव और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। कैप्टेन बनने पर जाट समाज के लोगों ने उन्हें बधाई और हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर चौरासी मीडिया प्रभारी करतार सिंह चौधरी धंधावली, नरेश सोलंकी, राजेश सोलंकी, बलवंत बैनीवाल, राकेश डागुर, रामोतार चौधरी, राजीवर चौधरी, सत्यवीर सिंह, राजेश कुमार सहित अन्य ने अपनी शुभकामनाएं दीं।

## श्री अग्रसेन महाराज 5149 वीं जयंती पर अग्रवाल धर्मशाला में छप्पन भोग और फूल बंगला झांकी का आयोजन



**बढ़ता राजस्थान, हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** श्री अग्रसेन महाराज की 5149 वीं जयंती के अवसर पर अग्रवाल धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक किया गया। अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र आर्य के अनुसार, महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष छप्पन भोग की झांकी सजाई गई और फूल बंगला झांकी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर कटरा बाजार और अग्रवाल धर्मशाला को विशेष रूप से सजाया गया। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी रही। युवा, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शाम के समय छप्पन भोग के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। शाम को आयोजित भजन संध्या में भजन गायकों ने महाराजा अग्रसेन की जीवनी पर आधारित भजनों की प्रस्तुतियां दी, जिससे कार्यक्रम में भक्तिभाव और आनंद का वातावरण बना रहा।

## दौलतगढ़ में आज बीसीआई उत्सव की कॉफी मीट में व्यवसायियों का मिलन

**बढ़ता राजस्थान, उदयपुर।** बीसीआई के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि बीसीआई उत्सव के तहत सोमवार शाम 5 बजे दौलतगढ़ में कॉफी मीट का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मेजबान दौलतगढ़ के एमडी और महाप्रअन्धक कुनाल पंचाल होंगे। कॉफी मीट का उद्देश्य व्यवसायियों के बीच नेटवर्किंग, आपसी सहयोग को बढ़ावा देना और उत्सवों की दिशा तय करना है। इस आयोजन में बीसीआई परिवार और विभिन्न क्षेत्रीय व्यवसायी शामिल होकर विचार-विमर्श करेंगे।

## 99.9 प्रतिशत शुद्ध चाँदी के सोजतिया मार्का के सिक्कों का लोकार्पण

**बढ़ता राजस्थान, उदयपुर।** सोजतिया ज्वेलर्स पर आज 99.9



प्रतिशत शुद्ध चाँदी के सोजतिया मार्का के सिक्कों का लोकार्पण प्रोफेसर रणजीत सिंह सोजतिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि नवरात्रि से लेकर दीपावली तक, विशेषकर धनतेरस पर शुद्ध चाँदी के सिक्के खरीदना धार्मिक परंपरा रही है और इसे माता लक्ष्मी जी को घर ले जाने के समकक्ष माना जाता है।

# सांसद ने बनाई चाय, सेवादारों के साथ बैठकर ली चुस्की

### ठेठ देहाती अंदाज में दिखे सांसद ने झाड़ू से सड़क बुहारी





बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(जीतेश रावल)।** सांसद लुम्बाराम चौधरी रविवार को ठेठ देहाती अंदाज में नजर आए। उन्होंने न केवल थड़ी पर चाय बनाई वरन् सेवादारों को परोसी भी और उनके साथ बैठकर चुस्की भी ली। मौका था भाजपा की ओर से आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत संचालित विशेष स्वच्छता अभियान का। नगर मंडल की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान सांसद ने झाड़ू लगाते हुए कचरा साफ किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री गणपतसिंह राठौड़, जिला उपाध्यक्ष नारायण देवासी, ताराराम माली, बाबूलाल सगरवंशी, नगर अध्यक्ष चिराग रावल, महिपाल चारण, जिला मीडिया प्रभारी रोहित खत्री, प्रवक्ता गोपाल माली, जिला कार्यालय मंत्री बाबूसिंह माकरोड़ा, उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह चौहान, नगर महामंत्री प्रकाश पटेल, कैलाश मेघवाल, मानकचंद सोनी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**प्रतिमा की धुलाई कर नमन किया**

उन्होंने अम्बेडकर सर्किल पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर साफ-सफाई की। प्रतिमा पर लगी धूल-मिट्टी साफ कर पानी से धुलाई की। इसके बाद माल्यार्पण कर बाबा साहब को नमन किया गया। उन्होंने महापुरुषों के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया।

**सांसद को देख प्रेरित हुए लोग**

शहर में अम्बेडकर सर्किल से राजमाता मार्ग पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सांसद ने भी झाड़ू पकड़ा तथा सडक़ किनारे काफी देर तक कचरा साफ किया। सडक़ बुहारते सांसद को देखकर कई अन्य लोग भी प्रेरित हुए तथा सफाई में योगदान दिया।

**जन-जन तक पहुंचाना है सेवा का संदेश**

इस दौरान सांसद ने समाज सेवा को सर्वोपरि बताया। कहा कि सेवा के जरिए लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। भाजपा की ओर से सेवा पखवाड़ा के तहत देशभर में विभिन्न सेवा कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के सेवा और सुशासन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना इसका मुख्य उद्देश्य है।

## प्रतिभा सम्मान समारोह: जसवंतपुरा में मेधावी छात्रा शीतल वर्मा का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**पावटा।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम जसवंतपुरा में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें नीट परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त कर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हनुमानगढ़ में चयनित छात्रा शीतल वर्मा का सम्मान किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पूरणमल बुनकर थे, जबकि शिक्षक पूरणमल वर्मा ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय दलित साहित्य अकादमी के जिलाध्यक्ष लीलाधर बुनकर और अतिविशिष्ट अतिथि जयनारायण गोठवाल उपस्थित रहे। शीतल वर्मा और उनके परिजनों को माला और साफा पहनाकर सम्मानित किया गया, साथ ही उन्हें डॉ. बी.आर. अंबेडकर का छायाचित्र भेंट किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. पूरणमल बुनकर ने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद शीतल वर्मा ने नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि मेधावी विद्यार्थी ही देश की असली अनमोल धरोहर हैं और इन्हें संरक्षण एवं संवर्धन देना हम सभी का कर्तव्य है।

छात्रा शीतल वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय दादा चौथूराम बुनकर, पिता सरदार मल, माता मायावती देवी, शिक्षकों और परिवारजनों को दिया। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार वर्मा, सुरेश कुमार वर्मा सहित अन्य लोग भी मौजूद थे और सभी ने शीतल वर्मा को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## स्वस्थ नारी, स्वस्थ परिवार अभियान प्रागपुरा पीएचसी में हैल्थ कैंप का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**प्रागपुरा (सुशील कुमार बंसल)।** प्रागपुरा पीएचसी में स्वस्थ नारी, स्वस्थ परिवार अभियान के तहत हैल्थ कैंप आयोजित किया गया। इस शिविर में महिलाओं की एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कैंसर की जांच की गई तथा निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर को आठवें राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर इस अभियान की शुरुआत की थी। यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा और महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान केंद्रित करेगा।

शिविर का निरीक्षण डीएनओ रविकांत जांगिड़ ने किया और महिलाओं को स्वास्थ्य जागरूकता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और संतुलित पोषण आहार के महत्व के बारे में जागरूक करना है।

डॉक्टर ज्योति ने बताया कि शिविर में महिलाओं की गैर-संचारी रोग (एनसीडी) और टीबी स्क्रीनिंग की गई, साथ ही जीवनशैली संबंधी रोग, मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण और टीकाकरण पर काउंसलिंग की गई। डॉ. एकता चौधरी ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली और पोषण के महत्व के प्रति जागरूक करना है।

शिविर में टीबी मरीजों को पोषण आहार किट भी वितरित की गई। इस अवसर पर नर्स भगवती कंवर, रामेश्वर स्वामी, सरोज कसाना, विजेंद्र गुर्जर, शशी कुमार, रंजिता चौधरी, रेखा देवी, अनिता मान, नंदिता शर्मा, माया धनखड़, सरोज शर्मा सहित अन्य स्टाफ सदस्य और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नशे के कारण और समाधान पर वार्ता का आयोजन

**बढ़ता राजस्थान, उदयपुर।** अणुव्रत समिति उदयपुर द्वारा तुलसी निकेतन सभागार में नशा मुक्ति युवा समिट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. पीसी जैन ने पीपीटी के माध्यम से नशे के कारण और उनके समाधान पर विस्तार से वार्ता की। उन्होंने बताया कि मोबाइल और ड्रग्स का अत्यधिक उपयोग किशोरों के मस्तिष्क पर समान घातक प्रभाव डालता है, जैसा अमेरिका और चीन में किए गए अध्ययन में पाया गया। उन्होंने सलाह दी कि मोबाइल का उपयोग केवल आवश्यकतानुसार ही किया जाए। डॉ. जैन ने यह भी बताया कि किशोरावस्था में नशा अक्सर सिगरेट या गुटके से शुरू होता है, जो धीरे-धीरे शराब, गांजा, अफीम और ब्राउन शुगर जैसी अन्य नशाओं तक पहुँच सकता है। इस प्रक्रिया का प्रभाव देर से प्रकट होता है और कभी-कभी दस साल बाद भी दिखाई दे सकता है। कार्यक्रम में प्रणिता तलेसरा ने बताया कि डॉ. जैन ने नशा छोडऩे के उपाय और प्रारंभिक अवस्था में 7ष्ठ तकनीक के उपयोग पर नाटक के माध्यम से जानकारी दी। सभी युवाओं को नशा छुड़ाने की व्यायाम और एक्सरसाइज भी कराई गई। उन्होंने चेतावनी दी कि शराब की एक बूंद भी मस्तिष्क की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती है।

### राजापार्क में गीतांजलि हॉस्पिटल और रोबा यूनानी ओल्ड बॉयज़ वेलफेयर सोसाइटी की संयुक्त कार्यशाला आयोजित

## 150 से अधिक डॉक्टरों ने लिया हिस्सा, विशेषज्ञों ने दिए हेल्थ से जुड़े महत्वपूर्ण लेक्चर



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** निजी होटल, राजापार्क में गीतांजलि इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल जयपुर और रोबा यूनानी ओल्ड बॉयज़ वेलफेयर सोसाइटी की ओर से एकदिवसीय चिकित्सा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जयपुर सहित आसपास के इलाकों से 150 से अधिक डॉक्टर्स ने भाग लिया। गीतांजलि हॉस्पिटल की ओर से डॉ. कुलभूषण हल्देनिया (सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट), डॉ. आकाश माथुर (फिजिशियन गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट) और डॉ. अर्पित शर्मा (नेत्र रोग विशेषज्ञ) ने हेल्थ से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने व्याख्यान दिए।हॉस्पिटल की मार्केटिंग मैनेजर दीना गोस्वामी ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।रोबा सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. फरहत चौधरी ने सभी चिकित्सा पद्धतियों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि गीतांजलि हॉस्पिटल जैसी संस्थाएं रोगियों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं, जिनका अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए।कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. मकबूल अहमद (उपाध्यक्ष, रोबा) ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने गीतांजलि हॉस्पिटल के सहयोग की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आफताब नकवी (संरक्षक, रोबा) ने किया। उन्होंने कम लागत में गुणवत्तापूर्ण इलाज और रोगी केंद्रित सेवाओं को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# एटीएस ने पच्चीस हजार रुपये के इनामी बदमाश को धर-दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** आतंकवाद निरोधक दस्ता राजस्थान जयपुर (एटीएस ) टीम ने ऑपरेशन मदराघव अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ तस्कर और हिस्ट्रीशीटर बदमाश श्रीराम उर्फ संजय बिश्नोई को गिरफ्तार किया। जिस पर पच्चीस हजार रुपए का इनाम बाड़मेर एसपी ने रखा था। आरोपित के खिलाफ करीब 15 साल में 23 मामले चल रहे हैं। फिलहाल एटीएस की टीम पूछताछ करने में जुटी है।

एटीएस पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास कुमार ने बताया कि एटीएम टीम ने इनामी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पैरोल से फरार अवैध मादक पदार्थ तस्करी के आरोपित श्रीराम उर्फ संजय बिश्नोई (38) निवासी बाड़मेर को गिरफ्तार किया है। आरोपित बहुत बड़े परिवार से संबंधित है। सबसे पहले बर्तन बेचने का व्यवसाय शुरू किया था। बर्तन बेचने के बिजनेस में ज्यादा मुनाफा नहीं था। आरोपित कम समय में अधिक पैसे कमाने के लालच में साल 2010 से अवैध मादक पदार्थ के तस्करों के सम्पर्क में आया। आरोपित ने मादक पदार्थ तस्कर भागीरथ ज्याणी, खरताराम जाट के गिरोह के साथ मिलकर डोडा चूरा तस्करी शुरू कर दी।

साल 2018 में मादक पदार्थ तस्कर खरताराम जाट के एनकाउंटर के बाद संजय बिश्नोई इलाके का सरगना बन गया था। इस दौरान साल 2012 में गिरफ्तार होकर करीब 3 साल जेल में रहा। जमानत पर रिहा होने के बाद वापस यही काम करने लग गया। इसके बाद साल 2020 में मादक पदार्थ तस्करी में पकड़े जाने पर 5 साल जेल में रहा। आरोपित अप्रैल 2025 में न्यायालय से पैरोल प्राप्त कर फरार हो गया। इसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। आरोपित पैरोल से फरार होकर पुलिस से बचने के लिए जोधपुर, बाड़मेर क्षेत्र में छिपता फिर रहा था। पुलिस को चकमा देने के लिए मोबाइल फोन को बहुत ही कम उपयोग में ले रहा था। आरोपित की धरपकड़ के लिए लंबे समय से उस पर नजर रखी जा रही थी। लगभग 2 महीनों से एटीएस की टीम मारवाड़ के इलाकों में घूम कर अपराधी के छिपने के स्थान की पहचान करने में जुटी थी। इनामी अपराधी के धोरों में बने झोपड़े में छिपने का पता चलने पर एटीएस टीम ने घेरा डालकर धोरों से इनामी अपराधी को धर दबोचा।

## वेदांता हिंदुस्तान जिंक सिटी हाफ मैराथन-सेकण्ड एडीशन में बीसीआई परिवार ने दिखाई दमदार भागीदारी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** उदयपुर में आयोजित वेदांता हिंदुस्तान जिंक सिटी हाफ मैराथन के दूसरे संस्करण में बिजनेस सर्किल इंडिया (बीसीआई) के करीब 50 सदस्यों ने जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस मैराथन में 5 किमी कैटेगरी में दौडक़र बीसीआई परिवार ने संदेश दिया कि व्यवसाय, फिटनेस और समाज सेवा साथ-साथ संभव हैं।

बीसीआई के संस्थापक मुकेश माधवानी ने कहा कि इस दौड़ का उद्देश्य सिर्फ खेल नहीं बल्कि समाज में भूख मिटाने और जागरूकता फैलाने का संदेश देना था। बीसीआई टीम की ऊर्जा और एकजुटता ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। इस दौड़ में बीसीआई के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें शामिल थेः **मुकेश माधवानी, मनीष नाहर, श्रीचंद खतूरिया, चेतना जैन, पूनम पालीवाल, पारिधि मेहता, अमृता बोकडिय़ा, सृष्टि मेहता, भाविका रजक, दिग्विजय रजक, आलोक गुप्ता, मनीष जोशी, राम रतन डाड, देवेंद्र सिंह करीर, संजीव पाटवा, प्रेमलता कुमावत, दिनेश कुमार उपाध्याय, प्रद्युमन सिंह, हरीश भाटिया, दीपक पुरसवानी, रूही सुराना, कैलाश, कन्हैया और दिलीप बलचंदानी। मुकेश माधवानी ने कहा, इससे अच्छी सुबह तो हो ही नहीं सकती। जब समाज और सेवा के लिए कदम बढ़ते हैं।

# समाजसेवी मधु किन्नर हत्याकांड का खुलासा, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

समाजसेवी मधु किन्नर हत्याकांड का खुलासा, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले की पुलिस ने समाजसेवी मधु किन्नर के ब्लाइंड मर्डर केस का राजफाश कर लिया है। यह सनसनीखेज हत्या 10 लाख रुपये की सुपारी देकर करवाई गई थी। पुलिस ने इस मामले में मास्टरमाइंड नरेश कुमार उर्फ सोनिया उर्फ जरीना किन्नर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 15,000 रुपये का इनाम घोषित था। 10 सितंबर, 2025 को नीमराना के रीको औद्योगिक क्षेत्र में समाजसेवी मधु किन्नर अपनी गाड़ी में बैठी थीं। तभी नकाबपोश शूटर पवन गुर्जर ने बिना नंबर की बाइक पर आकर गोली मार दी और मौके से फरार हो गया। इस संबंध में थाना नीमराना पर मुकदमा नंबर 459/2025, धारा 103(1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज हुआ।



### हत्या की साजिश

जांच में सामने आया कि मधु किन्नर और भिवाड़ी की सीमा किन्नर के बीच पुराना विवाद था। मधु द्वारा वीडियो में दी गई धमकी और गाली-गलौज से नाराज होकर सीमा किन्नर और उसकी चेला नरेश उर्फ सोनिया ने हत्या की योजना बनाई। मधु को रास्ते से हटाकर नरेश उर्फ सोनिया को स्थापित करने के लिए यह साजिश रची गई। सोनिया ने अपने प्रेमी मोहम्मद जावेद के साथ मिलकर शूटर पवन गुर्जर को 10 लाख रुपये की सुपारी दी। यह योजना सीमा किन्नर के भिवाड़ी स्थित घर पर बनाई गई थी। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई के निर्देशन में विशेष टीमों का गठन हुआ। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर शूटर पवन गुर्जर की पहचान की गई। जांच में सामने आया कि वारदात के बाद पवन ने अपने कपड़े और बाइक जला दिए थे। पुलिस ने नीमराना, बहरोड़, बावल, रोहतक और झज्झर से तकनीकी सबूत जुटाए। आखिरकार मास्टरमाइंड नरेश उर्फ सोनिया को 20 सितंबर, 2025 को गिरफ्तार किया गया। सोनिया पहले भी तिहाड़ जेल में रह चुकी है।

## सैनी सभा संस्था रजि द्वारा सामूहिक विवाह समिति की बैठक व द्वितीय परिचय सम्मेलन आयोजन



**बढ़ता राजस्थान, कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** सैनी सभा भवन नंबर 1 में सैनी सभा संस्था रजि द्वारा सामूहिक विवाह समिति की बैठक आयोजित की गई।इस बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष रामकुमार सैनी ने की।समिति के मीडिया प्रभारी बिल्लूराम सैनी ने बताया कि आज परिचय सम्मेलन में तीन जोड़ों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। अब तक 9 जोड़ो रजिस्ट्रेशन हो चूका है। समिति के उपाध्यक्ष उदय तोदवाल ने भामाशाहों की जानकारी दी कि विवाह सम्मेलन का स्थान श्रीलक्ष्मीनारायण देवस्थान,कृष्णा टॉकीज के सामने,कोटपूतली में होगा।अगला परिचय सम्मेलन 27 सितंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा और इसमें जोड़ों का रजिस्ट्रेशन एक रुपया रहेगा।समिति ने लोगों से अधिक से अधिक जोड़ों का रजिस्ट्रेशन करवाने की अपील की है।इस बैठक में पूर्व अध्यक्ष राकेश सैनी,सैनी समाज के अध्यक्ष रामसिंह सैनी, उपाध्यक्ष प्रकाश तोदवाल, सचिव योगेश सैनी, धर्मवीर सैनी, समिति सचिव विजय सैनी,भाजपा अध्यक्ष अरुण सैनी,ओमप्रकाश सैनी (बीमा वाले),संरक्षक ललित सैनी,रामजीलालसैनी,नरेश मेडिकल,एडवोकेट पवन सैनी, ख्यालीराम सैनी,महावीर साखला,दिनेश सैनी आदि सैनी समाज बंधु मौजूद रहे।

## सेवा भारती समिति के तत्वाधान में प्रकल्प शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ



**बढ़ता राजस्थान, कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** सेवा भारती समिति कोटपूतली के तत्वाधान में बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर के सभागार में आज सेवा भारती समिति जयपुर द्वारा अलवर विभाग का प्रकल्प शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ प्रांत संगठन मंत्री द्वारका प्रसाद ने किया। यह प्रशिक्षण वर्ग 20 सितंबर से 21 सितंबर तक आयोजित हो रहा है। इस प्रशिक्षण वर्ग में अलवर जिले के 10, भिवाड़ी जिले के 27 और कोटपूतली जिले के 10 प्रकल्प शिक्षक प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण सत्र में अलवर से ताराचंद सैनी, भिवाड़ी से सुभाष जिंदल व विनोद शाह और कोटपूतली से महेश गोयल व महेश चंद् सैनी ने प्रकल्प शिक्षकों को विभिन्न प्रशिक्षण प्रदान किए। प्रशिक्षण के दौरान सेवा भारती द्वारा संचालित चार आयामों में चलाए जा रहे प्रकल्पों की जानकारी दी गई और प्रकल्प संचालन की प्रभावी विधियों पर विशेष ध्यान दिया गया। उद्घाटन सत्र प्रांत संगठन मंत्री द्वारका प्रसाद ने लिया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांत मंत्री महेश गोयल ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष रमेश किताब वाला, नागरमल अग्रवाल, सत्यनारायण कौशिक, रामकिशोर सैनी, भूपेंद्र सोनी, सुरेंद्र बाला शाह, सुरेश मीणा, सुभाष गुप्ता, अमर सिंह कुमावत, टेकचंद टेलर, छाजूराम सैनी, विजय आर्य, रजनी सैनी, अमिता भटनागर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में शारीरिक गतिविधियों जैसे सूर्य नमस्कार और योगाभ्यास भी करवाए गए, जिससे शिक्षकों का शारीरिक और मानसिक सशक्तिकरण भी सुनिश्चित हो सके। सेवा भारती के प्रकल्प शिक्षा कार्य का उद्देश्य शिक्षकों को नई विधियों, सामाजिक एवं शैक्षिक गतिविधियों से परिचित कराना और बच्चों तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु प्रशिक्षित करना है। इसके तहत प्रकल्प शिक्षक स्थानीय विद्यालयों और सामाजिक कार्यक्रमों में विभिन्न शैक्षिक और सेवा गतिविधियों को संचालित करते हैं।

## सेवा पखवाड़ा के तहत रींगस में विशाल रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**बढ़ता राजस्थान, रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** भारतीय जनता पार्टी के सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत रविवार को भाजपा रींगस मंडल के तत्वावधान में उप जिला चिकित्सालय, रींगस में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह कार्यक्रम खंडेला के लोकप्रिय विधायक सुभाष मिल के नेतृत्व में और भाजपा मंडल अध्यक्ष विशाखा कुमावत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार शिविर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया , जिसका उद्देश्य *रक्तदान महादान* के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर विधायक सुभाष मिल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सेवा पहुंचाना है। रक्तदान शिविर का आयोजन इसी कड़ी का एक हिस्सा है, जिससे हम जरूरतमंदों की मदद कर सकें। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विशाखा कुमावत ने भी रक्त दान कर उदाहरण प्रस्तुत किया एवं बताया कि इस दौरान कार्यकर्ताओं और आम जनता ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। कई युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने रक्तदान कर इस सामाजिक पहल में अपना योगदान दिया। चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की एक टीम इस दौरान शिविर में मौजूद रही, जिन्होंने रक्तदाताओं की जांच की और पूरी प्रक्रिया को सुरक्षित रूप से संपन्न कराया। मंडल महामंत्री रोशन सितमका ने बताया कि कार्यक्रम के प्रति लोगों में अद्त उत्साह देखने को मिला एवं 80 यूनिट से ज्यादा रक्तदान लोगों ने किया वहीं रक्त दाताओं को फल एवं जूस वितरित किए गए ।

## सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत गोविन्दगढ़ में हुआ रक्तदान शिविर

**बढ़ता राजस्थान, चौमूँ ( दिनेश कुमार कुमावत)।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा के आह्वान पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र चौमूँ मे किड्स स्कूल, पुराना बस स्टैंड गोविन्दगढ़ में ''विशाल रक्तदान शिविर'' का आयोजन किया गया।

## रोटरी क्लब रींगस ने आयोजित किया 111वां निशुल्क चिकित्सा शिविर

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** रोटरी क्लब रींगस द्वारा कस्बे की श्री रामानंद पाठशाला में रविवार को प्रातः नौ बजे से दोपहर एक बजे तक 111वां निशुल्क चिकित्सा शिविर व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ रोटेरियन डॉ अजय सक्सेना, डॉ. विनोद कुमार गुप्ता, सचिव सीए राजेंद्र यादव, बाबूलाल अग्रवाल,रघुनाथ जाट, एडवोकेट दीपक बाजिया, झाबरमल बिजारणियां,पी एस राजपूत द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।शिविर संयोजक झाबरमल निठारवाल ने बताया कि रोटरी क्लब रींगस द्वारा इस निःशुल्क चिकित्सा व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को किया जाता है। शिविर में डॉ अजय सक्सेना द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सा, डॉ. विनोद कुमार गुप्ता द्वारा शिशु एवं बाल रोग चिकित्सा व पी एस राजपूत द्वारा घरेलू नुस्खे से 41 मरीजों का इलाज किया गया।

शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर की टीम द्वारा 67 नेत्र रोगियों की जांच कर 43 रोगियों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित किया गया। नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित मरीजों को जयपुर ले जाकर लैंस प्रत्यारोपण किया जाएगा व वापस रींगस छोड़ा जाएगा।रोटरी क्लब रींगस द्वारा आयोजित शिविरों में अब तक 2971 लैंस प्रत्यारोपण कर लोगों को आंखों की रोशनी प्रदान की गई है। शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल से डॉ. नील,शिविर प्रभारी दीनदयाल पंवार,नर्सिंग स्टाफ प्रिया शर्मा,ईशिका,गीतांजलि,कंचन ने अपनी सेवाएं दी। सुमित काबरा ने होम्योपैथिक चिकित्सा दवा वितरण में सहयोग प्रदान किया।

## उड़ान 2025 प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** रींगस डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को उड़ान 2025 प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर समिति द्वारा रींगस उपखंड क्षेत्र के बोर्ड परीक्षाओं 2025 के होनहार व प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले तथा राजकीय सेवा में चयनित युवाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। समिति के कोषाध्यक्ष ने स्वागत भाषण में कहा कि समाज का उत्थान तभी संभव है जब युवा प्रतिभाएँ आगे बढक़र शिक्षा, सेवा और नेतृत्व के क्षेत्र में अपना योगदान दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संदीप कुमार डंडियां, ने किया इसके बाद आए हुए अतिथियो के साफ व भीम दुपट्टा पहना कर मान सम्मान किया द्य इसके कार्यक्रम के अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिभाओं को निरंतर मेहनत, उच्च लक्ष्य निर्धारण और समाज सेवा में सक्रिय रहने की प्रेरणा दी। सम्मान समारोह के अंतर्गत सैकड़ों विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही समिति द्वारा यह संकल्प लिया गया कि आने वाले समय में भी प्रतिभा निखार और सामाजिक उत्थान के लिए ऐसे आयोजनों की परंपरा निरंतर जारी रहेगी। कार्यक्रम का संचालन जगदीश प्रसाद बरवड़ ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पी.सी.बेरवाल सेवानिवृत आईएएस, विशिष्ट अतिथि शिव दयाल पालीवाल पूर्व प्रधान खंडेला, सरोज देवी वीरांगना शहीद दीप चंद वर्मा बावड़ी, पी.डी. परसोया, पूरण मल गोठवाल, अनिल काला एईएन, प्रेमचंद वर्मा नायब तहसीलदार सत्यनारायण मोरवाल, रामावतार ढेनवाल, रामचंद्र डंडियां,संजू मंडरु, छीतर मल वर्मा, कैलाश चंद वर्मा ,रामकिशन पालीवाल, लक्ष्मण राम वर्मा कंसारडा, प्रेम चंद वर्मा, दामोदर वर्मा, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## यूनानी चिकित्सा में हाइड्रा फेशियल डॉ लियाकत अली मंसूरी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर । हाइड्रा फेशियल क्या है ?हाइड्रा फेशियल एक मल्टीस्टेप फेशियल ट्रीटमेंट है। इससे एक चमकदार और खूबसूरत त्वचा पा सकते हैं ।

### हाइड्रा फेशियल को 3 स्टेप्स में किया जाता है

1. लींजिंग, 2. एक्सफोलिएटिंग और 3. हाइड्रेशन शामिल होता है ।
2. हाइड्रा फेशियल कैसे काम करता है ?

हाइड्रा फेशियल को माइक्रोडर्माब्रेशन नामक ट्रीटमेंट के समान माना गया है, लेकिन ये दोनों एक जैसे नहीं है । इस माइक्रोडर्माब्रेशन में हल्के उपकरण का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें मोटी और अनइवन स्किन लेयर को रिमूव किया जाता है। वहीं हाइड्रा फेशियल में खास डिवाइस का इस्तेमाल किया जाता है। इससे चेहरे की डेड स्किन सेल्स को हटाने के लिए सेशन दिए जाते हैं। इसमें त्वचा की क्लींजिंग, एक्सफोलिएटिंग और हाइड्रेशन की प्रक्रिया होती है। हाइड्रा फेशियल करने में करीब 30 मिनट का समय लग सकता है।

### हाइड्रा फेशियल के फायदे—

1. त्वचा में निखार आता है, 2. त्वचा की गहराई से सफाई होती है,3. साथ ही स्किन से डेड स्किन सेल्स भी रिमूव होते हैं ,4. मुंहासे की समस्या



दूर,5. ब्लैकहेड्स भी हटते है,6. रोजेशिया का इलाज,7. हाइड्रा फेशियल त्वचा के रोमछिद्रों को बंद करने वाली कोशिकाओं को हटाने में मदद करती हैं ,8. एजिंग के लक्षण कम करे,9. हाइड्रा फेशियल त्वचा की उम्र बढने के लक्षणों को कम करने में असरदार साबित हो सकता है,10. इसके साथ ही हाइड्रा फेशियल लेने से हाइपरपिगमेंटेशन व फाइन लाइंस की समस्या को भी कम करने में मदद मिल सकती है,11. त्वचा की गहराई से सफाई होती है । साथ ही स्किन से डेड स्किन सेल्स भी रिमूव होते हैं ,12. त्वचा की सफाई, निष्कर्षण और हाइड्रेट करता है, जो एक संतुष्टिदायक चमक पैदा करता है।

### हाइड्रा फेशियल के आम साइड इफेक्ट —

1. अस्थायी लालिमा, त्वचा की संवेदनशीलता, सूखापन शामिल हैं। गर्भवती महिलाओं और कुछ त्वचा की स्थितियों वाले लोगों को हाइड्रा फेशियल नहीं करवाना चाहिए। इसके अलावा, गलत तरीके से किए जाने पर चोट लगने, निशान



पडने या एलर्जी प्रतिक्रिया होने की संभावना हो सकती है।
2. लालिमा और सूजन— उपचार के बाद त्वचा में रक्त की आपूर्ति बढने के कारण थोड़ी लालिमा और सूजन हो सकती है, जो कुछ घंटों में ठीक हो जाती है ।
3. संवेदनशील त्वचा- कुछ लोगों को उपचार के बाद त्वचा में थोड़ी जलन या संवेदनशीलता महसूस हो सकती है। प्रशिक्षित यूनानी विशेषज्ञ से कराएं— सुनिश्चित करें कि फेशियल एक प्रमाणित और अनुभवी पेशेवर द्वारा किया जाए—

1. त्वचा की स्थिति बताएं— अपनी त्वचा की संवेदनशीलता या अन्य समस्याओं के बारे में उपचार करने वाले को पहले ही बता दें।
2. धूप से बचें— फेशियल के बाद सूर्य के संपर्क से बचें।

**डॉ लियाक़त अली मंसूरी**
**(यूनानी चिकित्सक एवं हिजामा थैरेपी स्पेशियलिस्ट)**
**जिला जयपुर समन्वयक सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर (राज.)**

## गायत्री मंदिर में हुआ पितृ तर्पण कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



**चौमूँ ( दिनेश कुमार कुमावत)।** गायत्री मंदिर राधा बाग मेंअमावस्या के अवसर पर पितृ तर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें50 से अधिक परिजनों ने भाग लिया। तर्पण कार्यक्रम विधि विधान वैदिक पद्धति से संपन्न कराया गया। सचिव राजकुमार शर्मा ने बताया की हर वर्ष श्राद्ध पक्ष की अमावस्या के दिन पितृ तर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें वैदिक पद्धति के साथ कार्यक्रम संपन्न कराया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन तर्पण किया हुआ सीधे पितरों को प्राप्त होता है जिससे पितृ प्रसन्न होते हैंऔर उनको शांति मिलती है एवं पितृ अपने परिजनों को आशीर्वाद देते हैं । इसलिए बहुत ही महत्वपूर्ण आयोजन है जिसका आयोजन गायत्री परिवार द्वारा हर वर्ष किया जाता है। यह बिल्कुल निशुल्क होता है। इसमें महिला एवं पुरुष दोनों हिस्सा लेते हैं ।पूरे विधि विधान के साथ यह कार्यक्रम संपन्न कराया जाता है । उपाध्यक्ष एडवोकेट जितेंद्र सिंह बिजावत ने बताया कि गायत्री मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्रों का आयोजन किया जाता है जिसमें सुबह गायत्री मंत्र का जाप एवं बाद में नित्य पंच कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।


## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला-जयपुर

क्रमांक : न.पा.फु./2025-26/1414 | दिनांक : 11.09.2025

### आपत्ति सूचना

एतद् द्वारा हितबद्ध व्यक्ति विशेष, आम खास को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों ने 90 क आवासीय हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है ।

| क्र. सं. | प्रार्थी का नाम | स्थान | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री गिरधारी लाल वर्मा पुत्र श्री दानमल जी वर्मा | आवासीय भूखण्ड नं. 146 वाके आवासीय योजना गणेश नगर, फुलेरा | 200.00 | 90 क के अन्तर्गत आवासीय पट्टा |

किसी भी व्यक्ति को उपरोक्तानुसार 90 क के अन्तर्गत आवासीय पट्टा / ईजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधि मान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें। बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका फुलेरा**

## सम्पादकीय

# गाजा में इजरायल की दंडमुक्ति-अमेरिकी समर्थन बढ़ती वैश्विक निंदा का प्रतिकार

पिछले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा में इजरायल और फिलिस्तीन के बीच हमास के बगैर द्विराष्ट्र समाधान के पक्ष में भारी समर्थन मिला और गाजा में इजरायल के हमले की आलोचना की गई। फ्रांस संयुक्त राष्ट्र महासभा में न्यूयॉर्क प्रस्ताव लेकर आया था जिसके पक्ष में 142 मत पड़े जबकि 10 देशों (अमेरिका और इजरायल सहित) ने विरोध में मतदान किया। 12 देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। यह 22 सितंबर को होने वाले संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन से पहले आया है, तथा इसमें फ्रांस, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम और पुर्तगाल जैसे अमेरिका के सहयोगी देशों द्वारा फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता दिए जाने की बात कही गई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दौरे के बाद ब्रिटेन ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि वह फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देगा। जर्मनी ने भी न्यूयॉर्क प्रस्ताव का समर्थन किया है मगर वह फिलिस्तीनी राज्य का समर्थन नहीं करेगा। इजरायल के साथ जर्मनी के संबंध पेचीदा रहे हैं।

मगर विडंबना यह है कि भारत सहित दूसरे देशों और अब्राहम समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले देशों द्वारा कड़ी निंदा के बाद भी इजरायल और उसका समर्थक अमेरिका अपने रुख से पीछे नहीं हट रहा है। हमास नेतृत्व को निशाना बना कर कतर की राजधानी दोहा में हुए इजरायल के हवाई हमलों के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोनों देशों के आपसी संबंधों को मजबूती देने पर यरुशलम में चर्चा की। इस बीच, गाजा पर इजरायली हमले बेरोक-टोक जारी हैं। इन हमलों के कारण हजारों फिलिस्तीनी विस्थापित हो गए हैं और पश्चिमी तट पर इजरायल द्वारा अवैध बस्तियां बनाने का सिलसिला भी जारी है। इस बीच, अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन की बहु-प्रतीक्षित बैठक के बाद कतर पर इजरायल के हमले की निंदा करने वाला एक नरम बयान जारी कर औपचारिकता पूरी कर ली गई। वास्तव में इजरायल-हमास के बीच वार्ता में प्रमुख मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले और खाड़ी में अमेरिका के सबसे बड़े सैन्य ठिकाने कतर के शीर्ष नेतृत्व ने एक ठोस रक्षा सहयोग समझौते के लिए रूबियो के साथ बातचीत की।

ये सभी बातें मौजूदा एवं बदलते वैश्विक भू-आर्थिक वास्तविकता की राजनीति को परिलक्षित कर रही हैं। 1970 के दशक में अरब राष्ट्रों ने योम-किप्पुर युद्ध में इजरायल का समर्थन करने के लिए अमेरिका पर तेल प्रतिबंध लगा दिया था। तब अरब राष्ट्रों के पास ऐसे कदम उठाने की ताकत थी मगर अब अमेरिका तेल के मामले में आत्मनिर्भर हो गया है और दुनिया की अकेली महाशक्ति होने के साथ ही हथियारों का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता भी है। इजरायल के कुल हथियारों के आयात में अमेरिका की लगभग 70 फीसदी हिस्सेदारी होती है। कुवैत, कतर, सऊदी अरब, मिस्र और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हथियार आयात में भी अमेरिका का 50-70 फीसदी तक दखल है। ये सभी देश फिलिस्तीन से आने वाले शरणार्थियों से परेशान रहे हैं। अमेरिका ने यूरेनियम पाने के लिए जिस तरह दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद वाले शासन पर गोल-मोल रुख अपनाया और वहां चार दशकों तक एक नस्लभेदी सरकार सत्ता में काबिज रही, ठीक उसी तरह अमेरिकी के द्वि-दलीय समर्थन (जो अब कमजोर पड़ा रहा है) की बदौलत पिछले सात दशकों से इजरायल, फिलिस्तीन के मानवाधिकारों पर चोट करता रहा है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 22 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1789 - अमेरिकी कांग्रेस ने पोस्टमास्टर जनरल के कार्यालय को अधिकृत किया।
- 1792 - फ्रांस गणराज्य की स्थापना की घोषणा हुई।
- 1903 - अमेरिकी नागरिक इटालो मार्चिओनी को आइसक्रीम कोन के लिए एक पेटेंट दिया गया।
- 1914 - मद्रास बंदरगाह पर जर्मन युद्धपोत इम्देन ने बमबारी की।
- 1949 - सोवियत संघ ने पहला परमाणु बम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
- 1955 - ब्रिटेन में टेलीविजन का व्यावसायीकरण शुरू हुआ। इसमें प्रत्येक घंटे सिर्फ छह मिनट ही विज्ञापन के प्रसारण की अनुमति दी गयी और रविवार सुबह में इसे चलाने की इजाजत नहीं थी।
- 1961 - अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने शांति कोर की स्थापना के लिये कांग्रेस के अधिनियम पर हस्ताक्षर किए।
- 1966 - अमेरिकी यान 'सर्वेयर 2' चंद्रमा की सतह से टकराया।
- 1977 - अमेरिकी फुटबॉल टीम पेले के नेतृत्व में दो प्रदर्शनी मैच खेलने कलकत्ता (अब कोलकाता) पहुंची।
- 1980 - ईरान और इराक के बीच जारी सीमा संघर्ष युद्ध के रूप में परिवर्तित हुआ।
- 1988 - कनाडा की सरकार ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान और कनाडा के नागरिकों की नजरबंदी के लिए माफी मांगी और मुआवजा देने का भी वादा किया।
- 1992- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बोस्निया और हर्जेगोविना के बीच युद्ध में भूमिका के लिए यूगोस्लाविया को निष्कासित किया।
- 2002 - फ्रांस ने आइवरी कोस्ट में अपनी सेना भेजी।
- 2006 - अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के कंस्ट्रक्शन मिशन पर गये अटलांटिस स्पेश क्राफ़्ट सकुशल अमेरिका के केनेडी स्पेस सेंटर पर उतरा। नेशनल कैडिट कोर का 10 सदस्यीय दल मॉस्को के लिए रवाना।
- 2007 - ईरान ने 1800 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली मिसाइल धद्र का प्रदर्शन किया। नासा के एअर क्राफ़्ट ने मंगल ग्रह पर गुफाओं जैसी सात आकृतियों का पता लगाया।
- 2008- प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह अमेरिका और फ्रांस की दस दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए।
- 22 सितंबर को जन्मे व्यक्ति
- 1979 - रोहित सरदाना - भारतीय समाचार वक्ता थे।

## विशेष आलेख

# कांग्रेस और आरजेडी में सीट बंटवारे का घमासान किसको लाभ पहुंचाएगा?



रामस्वरूप रावतसरे





बिहार विधानसभा चुनाव में सीटों का बंटवारा दोनों गठबंधनों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। एनडीए में जहां जीतन राम मांझी अब 20 सीटों के लिए अड़े हुए बताए जा रहे हैं। चिराग पासवान की पार्टी लोजपा-आर को न सिर्फ सीटें चाहिए, बल्कि अब सीएम पद की रेस में भी उन्हें शामिल कर दिया है। चिराग के बहनोई सांसद अरुण पासवान की नजर में चिराग सीएम पद के लिए फिट कैंडिडेट हैं। मांझी ने अधिक सीटें मांगने के पीछे के कारण भी बता दिए हैं। उनका कहना है कि पार्टी को सदन में मान्यता के लिए कम से कम 8सीटों पर जीतना जरूरी है। और, यह तभी संभव होगा, जब उनकी पार्टी को 20 या इससे अदिक सीटें मिलें। जानकारों के अनुसार एनडीए का तो रिकार्ड ही रहा है कि टिकट बंटवारे से पहले खूब चिल्ल-पों मचती है, लेकिन जिसे जितनी सीटें मिलती हैं, वे उससे ही संतुष्ट हो जाते हैं। सबसे मुश्किल हालात 8 विपक्षी दलों के इंडी महागठबंधन में पैदा हो गए हैं। कांग्रेस और आरजेडी के बीच सीट बंटवारे की शर्तों को लेकर घमासान मचा हुआ है। महागठबंधन के दो सबसे बड़े घटक दल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे और नेतृत्व को लेकर तलवारें तन गई हैं। अव्वल तो कांग्रेस तेजस्वी को चुनाव से पहले सीएम फेस घोषित करने को तैयार नहीं, जबकि तेजस्वी खुद को सीएम फेस बताते रहे हैं। बिहार अधिकार पर निकले तेजस्वी कांग्रेस की चुप्पी के बावजूद अपने को भावी सीएम के रूप में पेश कर रहे हैं। पहले भी वे कई बार यह बात कह चुके हैं। राहुल के साथ वोटर अधिकार यात्रा के दौरान उन्होंने यहां तक कह दिया था कि राहुल को पीएम और उन्हें सीएम बनाने के लिए वोट कीजिए। जहां तक सीटों का सवाल है तो कांग्रेस 2020 की तरह मनपसंद 70 सीटें तो चाहती ही है, साथ ही अब उप मुख्यमंत्री का पद भी मांगने लगी है। दोनों दलों के बीच तनातनी का आलम यह है कि सीट बंटवारे के मुद्दे पर 15 सितंबर को होने वाली महागठबंधन की बैठक टालनी पड़ी। अब तेजस्वी यादव ने भी सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। खींचतान से महागठबंधन में दिख रही दरार अगर टूट की बुनियाद बन जाए तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं।

जानकारी के अनुसार सीटों की संख्या के लिए आरजेडी के सामने कांग्रेस ने 2020 को आधार बनाने की शर्त रखी है। तब कांग्रेस को महागठबंधन में 70 सीटें मिली थीं। कांग्रेस का कहना है कि उसे जो सीटें दी गईं, उसमें आधी से अधिक कमजोर सीटें थीं। इसलिए उसने टिकट बंटवारे में अच्छी-बुरी सीटों में संतुलन बनाने की दूसरी शर्त रखी है। 2020 में कांग्रेस केवल 19 सीटें जीत पाई थी। उसके खराब स्ट्राइक रेट को महागठबंधन की हार का एक मुख्य कारण माना गया था। कांग्रेस का कहना है कि उसे आधी से अधिक वैसी कमजोर सीटें मिली थीं, जिसकी वजह से उसका स्ट्राइक रेट खराब रहा। कांग्रेस ने अपने लिए उप मुख्यमंत्री पद की तीसरी शर्त रखी है। महागठबंधन में शामिल वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी भी डिप्टी सीएम पद के लिए पहले से ही हाय-तौबा मचाए हुए हैं। सहनी तो यहां तक कहते हैं कि अगर तेजस्वी सीएम बनेंगे तो उनका डिप्टी सीएम बनना पक्का है। कांग्रेस की शर्तों से यह साफ है कि कांग्रेस अब बिहार में अपने को आरजेडी का पिछलग्गू बनाए रखने से बचना चाहती हैं। राहुल की वोटर अधिकार यात्रा की कथित सफलता से कांग्रेस का मनोबल मजबूत हुआ बताया जा रहा है। इसलिए वह अब आरजेडी से पीछे नहीं रहना चाहती।

जानकारों की माने तो राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' में उमड़ी भीड़ ने बिहार कांग्रेस में नया जोश भर दिया है। कांग्रेस को लगता है कि इस यात्रा ने गठबंधन की स्थिति को मजबूत किया है और इसी आत्मविश्वास के साथ वह आरजेडी पर ज्यादा दबाव डाल रही है। वोटर अधिकार यात्रा में महागठबंधन के सभी टाप लीडर शामिल हुए थे। तेजस्वी लगातार 16 दिन उनके साथ रहे। यात्रा का समापन पटना में सडक़ मार्च के साथ हुआ, जिसमें महागठबंधन की सम्मिलित ताकत थी। नतीजतन यात्रा में उनके समर्थकों की खूब भीड़ उमड़ी। संभव है कि कांग्रेस को इससे राहुल का करिश्मा और अपनी बढ़ी ताकत का भ्रम हुआ है, जिसकी वजह से टिकट बटवारे को लेकर कांग्रेस नई और आक्रामक शर्तें थोपने लगी है।

कांग्रेस की आक्रमाक स्थिति को देखते हुए आरजेडी ने भी अब कड़ा रुख अपना लिया बताया जा रहा है। तेजस्वी यादव ने मुजफ्फरपुर की एक रैली में सभी 243 सीटों पर लडऩे का बयान देकर कांग्रेस की मांग पर पलटवार किया। हालांकि, यह बयान एक तरह की दबाव की रणनीति भी हो सकती है, लेकिन इसके जरिए तेजस्वी ने कांग्रेस को साफ संकेत दे दिया है कि आरजेडी गठबंधन में सबसे बड़े हिस्सेदार के रूप में अपनी स्थिति को कमजोर नहीं होने देगा। आरजेडी सूत्रों का कहना है कि 2020 में कांग्रेस के खराब स्ट्राइक रेट के कारण ही महागठबंधन सत्ता में आने से चूक गया था। आरजेडी के सख्त होने की एक वजह यह भी है कि कांग्रेस ने अब तक तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में खुल कर समर्थन नहीं दिया है। कांग्रेस की यह चुप्पी भी आरजेडी और तेजस्वी के लिए असहज स्थिति पैदा कर रही है। तेजस्वी ने अपनी बिहार अधिकार यात्रा में महागठबंधन के सहयोगी दलों को शामिल नहीं किया है।

# सपनों की उड़ान या हकीकत की मार: भारतीय युवा मानसिकता का विदेश मोह



मुनीष भाटिया

*माता-पिता भी अपने बच्चों के विदेश जाने के सपने को पूरा करने के लिए अपनी पुश्तैनी जमीन और जायदाद तक बेच देते हैं।*

आज के आधुनिक युग में, भारतीय युवाओं की आकांक्षाएं तेजी से बदल रही हैं। उनमें से एक प्रमुख आकांक्षा है विदेश जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त करना, बेहतर नौकरी पाना या बस वहीं बस जाना। यह प्रवृत्ति विशेष रूप से ग्रामीण भारत में अधिक देखने को मिल रही है, जैसे कि पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, और बिहार जैसे राज्यों में। यहाँ के गाँवों में अक्सर खालीपन का एहसास होने लगा है और खेतों में सूनापन बढ़ता जा रहा है, क्योंकि युवा पीढ़ी रोजगार और अवसरों की तलाश में शहरों की ओर, और उससे भी आगे, विदेशों की ओर रुख कर रही है। माता-पिता भी अपने बच्चों के विदेश जाने के सपने को पूरा करने के लिए अपनी पुश्तैनी जमीन और जायदाद तक बेच देते हैं, जिससे भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ रहा है। भारतीय युवाओं के बीच विदेश जाने की इस प्रबल इच्छा के कई कारण हैं। सबसे बड़ा कारण यह है कि वे मानते हैं कि एक समृद्ध और सम्मानजनक जीवन केवल विदेशों में ही संभव है। उन्हें लगता है कि विदेशों में कमाई अधिक होगी और जीवन शैली अधिक सुविधाजनक होगी। यह सोच अक्सर मीडिया, सोशल मीडिया और विदेशों में रहने वाले रिश्तेदारों की कहानियों से प्रभावित होती है, जो सिर्फ चमक-दमक वाली तस्वीर पेश करते हैं। हालांकि, सच्चाई इससे बहुत अलग है। विदेश जाकर हर किसी को उच्च पद या शानदार नौकरी नहीं मिलती। 2023 में संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 1.8 करोड़ भारतीय विदेशों में रह रहे हैं, और इनमें से बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो उच्च कौशल या शिक्षा के बावजूद निम्न-स्तरीय काम करते हैं। उदाहरण के लिए, उन्हें रेस्तरां में वेटर, टैक्सी ड्राइवर, डिलीवरी एजेंट, या फैक्ट्रियों में श्रमिक के रूप में काम करना पड़ता है। यह विडंबना है कि यही काम जब भारत में करने की बात आती है, तो वे इसे 'निम्न स्तर का काम' मानकर शर्म महसूस करते हैं। लेकिन विदेशों में, डॉलर या पाउंड की चमक और विदेशी मुद्रा में कमाई की संभावना के कारण, वही काम उन्हें स्वीकार्य लगने लगता है। यह मानसिकता दर्शाती है कि बाहरी चमक-दमक उन्हें अपनी जड़ों से दूर कर रही है, और वे दिखावे की जिंदगी के पीछे भाग रहे हैं।

विदेश में जीवन उतना सरल और आकर्षक नहीं होता, जितना कि सोशल मीडिया पर दिखाया जाता है। वहाँ रहने की लागत बहुत अधिक होती है। 2022 के डेटा के अनुसार, कनाडा जैसे देशों में एक छात्र के लिए प्रति वर्ष औसतन लगभग 16 से 24 लाख रुपये तक का खर्च होता है, जिसमें ट्यूशन फीस, आवास, भोजन और बीमा शामिल होता है। इसके अलावा, किराए, बीमा, टैक्स, और चिकित्सा सेवाएँ भी बहुत महंगी होती हैं।मानसिक दबाव और संघर्ष भी बहुत बड़ा होता है। नई संस्कृति और भाषा में ढलना, परिवार से दूर रहना, और अकेलेपन का सामना करना युवाओं को भीतर से तोड़ देता है। हाल ही के वर्षों में, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन जैसे देशों ने प्रवासी श्रमिकों के लिए वीजा नियमों को और सख्त कर दिया है।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान



**नरेन्द्र सिंह मीणा**
(एएसपी पुलिस मुख्यालय जयपुर)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं नरेन्द सिंह मीना जोकि एएसपी हैं राजस्थान पुलिस में । इनका जन्म करौली जिले की सपोटरा तहसील के सलेमपुर;(गोविंदपुरा)में 1967 को जन्म हुआ।1990 इन्होंने सब-इंस्पेक्टर के रूप में राजस्थान पुलिस सेवा की शुरुआत की। दौसा,झुनझुनू,टोंक,नागौर,अजमेर और जयपुर शहर के अनेक थानो में बतौर थानाअधिकारी के रूप में कार्य करते हुए सैकड़ो अपराधियों को सलाख़ों के पीछे पहुँचाया और सज़ा दिलाई। 2013 में पदोन्नति के बाद भरतपुर,अलवर,जयपुर शहर व ग्रामीण और नागौर में डिप्टी एसपी के रूप में कार्य किया। कोविड काल में सराहनीय सेवाओं के लिए डीजीपी डिस्क से इन्हे सम्मानित भी किया गया।पदोन्नति के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में एसओजी में क़रीब डेढ़ वर्ष तक कार्य किया और पेपर लीक और नक़ल माफिया के विरुद्ध काम किया।उसके बाद कुछ समय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा टोंक के पद पर तैनात रहा। वर्तमान में आप अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुलिस आवासन पुलिस मुख्यालय पर कार्यरत। शिक्षा.एमए राजनीति शास्त्र,इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कैम्युनिकेशन नई दिल्ली से पत्रकारिता का डिप्लोमा करने के बाद जनसत्ता जैसे प्रतिष्ठित अख़बार में भी कुछ समय काम किया। इसलिए हमारे गुरू समान भी हैं। नरेन्द्र सिंह एक दमदार पुलिस अधिकारी के रूप में जाने जाते रहे हैं। अलवर पदस्थाप्रा के दौरान आपकी दमदार कार्यशैली देखने को मिली थी। शीशराम ओला,राजेश पायलट,डॉ किरोड़ी लाल जैसे धुरंधर राजनेताओं के काल में काम किया लेकिन पुलिस की सेवा के दौरान कभी राजनीतिक दवाब नहीं माना।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# क्या वाकई रातभर एलोवेरा लगाने से डार्क सर्कल्स हो जाते हैं गायब?

चेहरे की सुंदरता में आंखों का खास योगदान होता है, लेकिन जब आंखों के नीचे काले घेरे यानी डार्क सर्कल्स दिखाई देने लगते हैं, तो पूरा चेहरा थका हुआ और मुरझाया हुआ लगने लगता है। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में नींद की कमी, तनाव, अनहेल्दी डाइट, स्क्रीन टाइम और बढ़ती उम्र जैसी वजहों से डार्क सर्कल्स आम हो गए हैं। ऐसे में लोग महंगे क्रीम्स और ट्रीटमेंट की बजाय नेचुरल घरेलू उपाय अपनाना चाहते हैं। इन्हीं उपायों में एक है, एलोवेरा जेल।



रातभर आंखों के नीचे एलोवेरा जेल लगाने के फायदे

- त्वचा की गहराई तक नमी पहुंचाता है
- स्किन को ठंडक और आराम देता है
- ब्लड सर्कुलेशन सुधारता है
- सूजन और पफीनेस को कम करता है
- डार्क सर्कल्स की रंगत हल्की करने में मदद करता है

अब आइए जानते हैं कि एलोवेरा को किन-किन चीजों के साथ मिलाकर आप इसका असर और बढ़ा सकते हैं-

1. गुलाब जल और एलोवेरा जेल कैसे इस्तेमाल करें-

एक चम्मच एलोवेरा जेल में आधा चम्मच गुलाब जल मिलाएं। इस मिश्रण को कॉटन की मदद से आंखों के नीचे लगाएं। फायदा-गुलाब जल स्किन को फ्रेशनेस और ठंडक देता है, जबकि एलोवेरा त्वचा को रिपेयर करता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज के दिन आपकी लापरवाही आपकी समस्याओं को बढ़ाएगी, वहीं आपकी किसी मित्र से कहासुनी भी होने की संभावना है। आपके अंदर अहम आने से आपके लड़ाई-झगड़े बढ़ेंगे।

**वृष**
आज आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं की पूर्ति पर पूरा ध्यान देंगे। कोई बड़ा लक्ष्य बनाकर चलना आपके लिए अच्छा रहेगा। आप अपने काम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के लिए भी समय निकालें।

**मिथुन**
आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए बढिय़ा रहेगा, उन्हें किसी मनचाहे फल की प्राप्ति होगी और उनकी पद-प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। नौकरी में आपको प्रमोशन आदि मिलने की संभावना है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए इनकम के पूर्ति के लिए रहेगा। धार्मिक कामों में आप आगे बढ़ेंगे और आप अपने शौक मौज की चीजों पर भी अच्छा खासा खर्चा करेंगे। आप अपने खानपान पर पूरा ध्यान देंगे।

**सिंह**
आज आपको अपनी आय और व्यय में भी संतुलन बनाकर चलना होगा। आप किसी काम के प्रति लापरवाही बिल्कुल ना रखें। आपको सोच समझकर किसी काम को करना होगा।

**कन्या**
आज आपको अपने किसी सहयोगी से कार्यक्षेत्र में खरी खोटी सुनने को मिल सकती है। आप लोगों से काम से काम मतलब रखें। आपकी नेतृत्व क्षमता बेहतर रहेगी। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।

**तुला**
आज आपको जिम्मेदारी से काम करना होगा और आप अपने विरोधियों से सतर्क रहें। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपसे वापस ले सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज आपको किसी बात को लेकर तर्क-वितर्क में पडऩे से बचना होगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में चली आ रही बाधा दूर होगी। आपको अपने शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज करना होगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। यदि आपको कोई काम को लेकर समस्या है, तो आप उसे थोड़ा शांत रहकर मिटाने की कोशिश करें।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। नौकरी में लोगों से आपके संबंध बेहतर रहेंगे। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी सुनने को मिल सकती है। आपकी कुछ नये लोगों से जान पहचान बढ़ेगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखना होगा। नौकरी में भी यदि आपको कोई समस्या है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है, क्योंकि आप क्रिएटिविटी से काम करके लोगों को हैरान करेंगे और आपको अपने किसी शत्रु की बातों में आने से बचना होगा। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी।

## रतनपुरा उर्फ रोहेडा से श्रीखेडापति बालाजी के लिए पदयात्रा आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत चतुर्भुजपुरा के गांव रतनपुरा उर्फ रोहेडा में श्री बालाजी नवयुवक मण्डल के तत्वावधान में 22 सितम्बर को श्री खेडापति बालाजी माधोराजपुरा के लिए 12वीं विशाल पदयात्रा रवाना होगी। मण्डल अध्यक्ष मुरारीलाल बैरवा, कोषाध्यक्ष रामजीलाल बैरवा व रमेशचन्द बैरवा ने बताया कि पदयात्रा के जुलूस को बाबा रामदेवजी के मन्दिर से पूर्व विधायक कमल बैरवा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामराय मीणा व किसान नेता श्रीराम चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधियों द्वारा मंत्रोचारण के साथ ध्वज पूजा करके रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पदयात्रा का जुलूस डीजे के साथ गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए श्री खेडापति बालाजी माधोराजपुरा फागी के लिए रवाना होगा। उन्होंने बताया कि पदयात्री श्रीखेडापति बालाजी मंदिर पर बालाजी के दर्शन करके ध्वज अर्पित करेंगे एवं खुशहाली की मनोकामना करेंगे।

## आज से शुरू होंगे शारदीय नवरात्र

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** हिंदू धर्म में शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व है। इस पावन अवसर पर माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिपूर्वक आराधना की जाती है। श्रद्धालु 9 दिन तक व्रत रखते हुए मां दुर्गा की भक्ति में लीन हो जाते हैं। मान्यता है कि इस व्रत को करने से जातक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। इस साल शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से आरंभ हो रहे हैं। पंडित ताराचन्द्र शास्त्री जी के अनुसार आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि का आरंभ 22 सितंबर की रात 1 बजकर 23 मिनट पर होगा और इसका समापन 23 सितंबर की रात 2 बजकर 55 मिनट पर होगा। ऐसे में 22 सितंबर से शारदीय नवरात्र की शुरुआत होगी और कलश स्थापना के साथ उत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। घटस्थापना का महत्व और शुभ मुहूर्तः ज्योतिषाचार्य पंडित ताराचन्द्र शास्त्री के अनुसार नवरात्र की शुरुआत घटस्थापना से होती है. यह अनुष्ठान बेहद महत्वपूर्ण माना गया है क्योंकि इसे शक्ति और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है. शास्त्रों में प्रतिपदा तिथि के दौरान ही घटस्थापना करने का निर्देश दिया गया है. 22 सितंबर को प्रतिपदा तिथि की शुरूआत रात 01 बजकर 23 मिनट से होगी और इसका समापन 02 बजकर 55 मिनट पर होगा। द्रिक पंचांग के अनुसार 2025 में घटस्थापना का शुभ मुहूर्त इस प्रकार रहने वाला है। घटस्थापना मुख्य मुहूर्त- 22 सितंबर को सुबह 06 बजकर 09 मिनट से 08 बजकर 06 मिनट तक रहेगा। घटस्थापना अभिजीत मुहूर्त- 22 सितंबर को सुबह 11 बजकर 49 मिनट से लेकर 12 बजकर 38 मिनट तक है।

## थड़ी गांव की चार स्कूली बालिकाओं का राज्य प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन, गांव में खुशी



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के थड़ी गांव स्थित राउप्रावि की चार छात्राओं का राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चयन हो जाने के बाद समूचे गांव में खुशी का माहोल है।

राज्य पुरस्कार प्राप्त विद्यालय शिक्षक बी.एल.गुर्जर ने बताया कि गत दिनो क्षेत्र के कचोलिया गांव में 14 वर्षीय छात्रा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें थड़ी विद्यालय की छात्रा टीम ने फाइनल मेच में मोरला की टीम को हराकर प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि इसके पश्चात विजेता टीम की हिस्सा रही खिलाड़ी छात्रा ममता, रिंकू व पूजा का कबड्डी प्रतियोगिता के लिए राज्य स्तरीय टीम के लिए चयन किया गया है। इसके अलावा विद्यालय की छात्रा मंशा गुर्जर का भी वालीबॉल प्रतियोगिता के लिए राज्य स्तरीय टीम के लिए चयन किया गया है। विद्यालय की चार छात्राओ का राज्य स्तरीय टीम के लिए चयन हो जाने के बाद शाला परिवार के सदस्य जगदीश पोषक, सत्यनारायण मीणा, राजेश कुमार, गोपी चन्द्र, मोहसिन खान, राजूलाल, रामकिशोर, शिवराज, हंसराज, एडवोकेट मुकेश, हरदयाल, खेमराज, पूर्व सरपंच हनुमान सहित थड़ी के ग्रामीणो ने चयनित छात्राओ को बधाई देकर उज्जलवल भविष्य की कामना की है।

## 15 दिवसीय दशहरा मेला महोत्सव आज से



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में 15 दिवसीय दशहरा मेला महोत्सव की शुरुआत सोमवार को रामलीला के उद्घाटन के साथ होगी। पालिकाध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने बताया कि सोमवार की शाम 7.30 बजे प्रताप स्टेडियम में आर्यवीर कलाकार रंगमंच संस्थान के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन का संत मनिषदास महाराज व विधायक रामसहाय वर्मा द्वारा फीता काटकर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आर्यवीर कलाकार रंगमंच संस्थान के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दशहरे मेले को लेकर 51 फीट का रावण व 41 फीट का कुभंकरण के पुतले बनाए जाएंगे। जिनका 2 अक्टूबर को आयोजित दशहरा पर्व पर दहन किया जाएगा।

### हरियालों राजस्थान अभियान के तहत डिग्गी में लगाए 25 हजार पौधें

# मां के बाद धरती मां सबसे अधिक पूज्यः केन्द्रीय मंत्री यादव

बढ़ता राजस्थान




**मालपुरा (नि.स.)।** केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा है कि इंसान के लिए जन्म देने वाली मां के बाद यदि सबसे अधिक पूज्य धरती मां होती है।

केन्द्रीय मंत्री रविवार को क्षैत्र के डिग्गी मे कुरथल रोड पर नवविकसित श्री कल्याण वाटिका में एक साथ 25 हजार पोधे लगाने के बाद आयोजित विशाल आम सभा को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश स्वालम्बन बन रहा है। जिसका मुख्य उदाहरण यही है कि कोरोना काल में देश के 140 करोड़ लोगो के लिए कोरोना वेक्सीन बना कर समूचे संसार को बता दिया कि भारत देश अब किसी के पीछे नहीं है।

यादव ने कहा किदेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अब धरती मां की पुकार को सुनकर धरती मां की गोद को हरा भरा करने के लिए पेड़ लगाने का कार्यक्रम दिया है। जिसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समूचे प्रदेश में एक पेड़् मां के नाम अभियान चलाकर पौधे लगाने का काम किया जा रहा है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन पर प्रदेश की समूची सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रदेश की समूची सरकार प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को पूरा करने का प्रयास कर रही है। चौधरी ने मालपुरा क्षेत्र के संबंध में कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के पेड़ लगाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अब तक टोडारायसिंह व लाम्बाहरिसिंह में सघन पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है। रविवार को डिग्गी में एक साथ 25 हजार लोगो द्वारा 25 हजार पौधे लगाए जा चुके हैं।

यह अपने आप में एक रिकार्ड है। चौधरी ने संकेत देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम आगे जारी रहेगा। इससे पूर्व निवाई विधायक रामसहाय वर्मा, उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर सहित अन्य वर्तमान एवं पूर्व विधायको व भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान ने समारोह को सम्बोधित किया। अंत में जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल ने सभी का आभार प्रकट किया। डिग्गी क्षैत्र के भाजपाईयो ने जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को 51 किलो की माला पहनाई। समारोह में एएसपी मोटाराम, एसडीएम अमित चौधरी, डीवाईएसपी आशिष प्रजापत, नगरपालिका डिग्गी ईओ हंसराज जाट सहित अन्य सभी विभागो के अधिकारी कर्मचारीयो सहित अपार जन समूह मौजुद रहा।

समारोह का संचालन रमाकान्त पाठक ने किया। समारोह से पूर्व मुख्यअतिथि ने पौधे लगाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समारोह में आने से पूर्व केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कल्याण जी महाराज के मन्दिर पहुंच कर पूजा अर्चना कर दर्शन किए। केन्द्रीय मंत्री देश व प्रदेश के खुशहाली की कामना की।

इस दौरान केन्द्रीय मंत्री का कल्याण जी महाराज का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर व दुपट्टा भेंट कर सम्मान किया गया।

## श्री रामलीला रंगमंच गांधी पार्क में रामलीला आज से

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** नगर परिषद टोंक के तत्वाधान में गाँधी पार्क रामलीला रंगमंच पर निधि एन्टरप्राईजेज काशी बनारस रामलीला मंडल सोमवार से श्री रामलीला का मंचन किया जाएगा। नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने बताया कि सोमवार नवरात्री स्थापना से दशहरा तक प्रतिदिन रात्रि 8 से 11 बजे तक मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की लीला का मंचन किया जाएगा।

उन्होंने बताया के 22 सितम्बर सोमवार रात्रि 8बजे से श्री रामलीला महोत्सव का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा किया जाएगा।

कमिश्नर धर्मपाल जाट ने बताया कि 26 सितम्बर को सायं 6 बजे श्रीराम वरयात्रा श्री मंशापूर्ण भूतेश्वर महादेव मन्दिर सवाई माधोपुर चौराहा टोंक से आकर्षक लवाज़में, हाथी, घोड़ा, काछी घोड़ी, नृत्य, कालबेलिया नृत्य, मनमोहक आतिशबाजी डेकोरेशन तथा बैण्डबाजों की मधुर धुनों के साथ मुख्य बाज़ार से होते हुए गांधी पार्क श्री रामलीला रंगमंच पहुंचेगी।जहां तोरण एवं अतिथियों के आतिथ्य में चारों भ्राताओं का विवाह होगा।

उन्होंने बताया कि श्री रामलीला शुभारंभ समारोह के समारोह के विशिष्ट अतिथि कन्हैयालाल चौधरी कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार,सचिन पायलट विधायक टोंक, चन्द्रवीर सिंह चौहान जिलध्यक्ष भाजपा टोंक तथा अजीत सिंह मेहता पूर्व विधायक टोंक ,कल्पना अग्रवाल जिला कलेक्टर टोंक,राजेश कुमार मीना पुलिस अधीक्षक टोंक, रामरतन सौंकरिया प्रशासक नगर परिषद टोंक होंगे।

कमिश्नर ने बताया कि 2 अक्टूबर को सायं 6 बजे रावण दहन, भरत मिलाप और श्री राम राजाभिषेक की सवारी बड़े कुए से विशाल ओजस्वी सेना, पट्टेबाजों सहित श्रीराम शोभायात्रा मुख्य बाजार से होते हुए दशहरा मैदान, स्टेडियम के पास पहुंचेगी जहां श्री राम-रावण संवाद व रावण,कुम्भकरण,मेघनाथ के पुतलों का दहन व आकर्षक आतिशबाजी व श्री रामलीला रंगमंच पर भरत मिलाप व श्रीराम राज्याभिषेक एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

## संगठित प्रयासों से शिक्षा,रोजगार,सामाजिक उत्थान व प्रदेश की प्रगति में यादव समाज निभाएं अग्रणी भूमिका-भूपेंद्र यादव

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव का यादव धर्मशाला डिग्गी में यादव समाज द्वारा स्वागत किया गया। यादव समाज प्रवक्ता एडवोकेट कमलेश यादव ने बताया कि केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने डिग्गी में 'एक पेड़ माँ के नाम' एवं हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत 25,000 पौधों का सामूहिक वृक्षारोपण में भाग लिया।

उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर समाज को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाना है। इस अवसर पर जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी,यादव समाज कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र यादव,देवली उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर,निवाई विधायक रामसहाय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, पूर्व मंत्री राजेन्द्र यादव, लालचंद कटारिया,युवा प्रदेशाध्यक्ष मदन यादव का भी समाज की तरफ से स्वागत किया गया।इस मौके पर यादव समाज जिलाध्यक्ष कजोड़मल यादव,यादव धर्मशाला अध्यक्ष हीरालाल यादव,पूर्व जिलाध्यक्ष राधाकिशन यादव, गंगाधर यादव,बनवारी यादव,हरिनारायण यादव,शंकर यादव,बालकिशन यादव,हरिलाल यादव,युवा अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण यादव,घांसी राम यादव,प्यारेलाल यादव, सहित अन्य समाज बंधु मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का भाजपा के कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का विधायक रामसहाय वर्मा व नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े के साथ माला व साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार प्रदेश व केंद्र में आमजन के लिए नए आयाम स्थापित कर रही है। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपने जन्मदिवस व किसी भी शुभ कार्य पर पौधे लगाएं। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से विधायक रामसहाय वर्मा व नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की। इस अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष नितिन छाबड़ा, बद्री विजय, कैलाश नटवाड़ा, पार्षद रामविलास बलाई, बाबूलाल सैनी, शंकर सैनी, संजय वर्मा, शंकर पडियार, लक्ष्मण खटाना, जितेंद्र धारवाल, नरेश कसाना, ओमप्रकाश वर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे

## सामाजिक समरसता का संगम सामूहिक तर्पण टोंक में सम्पन्न, पूर्वजों के साथ शहीदों का किया तर्पण

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** पं.जगदीश नारायण स्मृति मंच एवं वैदिक शोध संस्थान टोंक के तत्वाधान में रविवार को श्राद्ध अमावस्या में ब्रहम मुहूर्त कन्या की संक्रान्ति कन्या लग्न में (वशिष्ठी तट) बनास नदी नई पुलिया के नीचे सर्वजातीय निःशुल्क सामूहिक तर्पण का आयोजन किया गया, जिसमें सामाजिक समरसता का अद्भूत संगम देखने को मिला और सूर्य उदय के साथ ही तर्पण में तीन चरणों में लगभग दो हजार के लगभग सनातनी महिला-पुरूषों ने देश के शहीदों, राष्ट्र नायकों एवं अपने पूर्वजों का तर्पण किया।

संस्था के अध्यक्ष रोहिताश कुमावत ने बताया कि सर्वजन सुखाय सर्वजन हिताय की भावना से सामाजिक समरसता ओत-प्रोत कार्यक्रम सामूहिक तर्पण में प्रातःकाल से ही संयोजक डॉ. पवन सागर के निर्देशन में यज्ञाचार्य पं. जगदीश नारायण शास्त्री नटवाड़ा, आचार्य पं.बालकिशन शर्मा लावा, डॉ. पं. बालकिशन शास्त्री दूनी, पं. रामकिशन शर्मा, पं. ताराचंद शर्मा जयपुर, पं. राहुल लवान, पं. गंगा सहाय शर्मा, पं. गणेश पटेल, पं. अजय पन्द्रेहाडा, पं. कुलदीप अगरवाल, पं. निदेश चन्दलाई, पं. दिनेश डारडा, पं. राम गौतम मेहन्दवास, पं. पवन बिहारी शर्मा, पं. हेमन्त शर्मा, पं. मनोज शर्मा, पं. लोकेश खेड़ा, पं. विवेक शर्मा, पं. मनोज शर्मा, पं. नवल शर्मा, पं. गिर्राज दीक्षित आदि कई विद्वान पंडितों के सानिध्य में तीन चरणों में तर्पण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. पं. पवन सागर ने संचालन करते हुए कहा कि जब-जब बिना दक्षिणा के सर्व उपकार के लिए ब्राह्मणों द्वारा ब्रह्मकर्म सामूहिक रूप से किए जाने पर उत्तरोत्तर सनातन की वृद्धि होती है। सर्वजन हितायः सर्वजन सुखायः की मूल भावना, दैहिक-देविक, भौतिक तापों की शांति एवं पूर्वजों का शुभ आाशीष प्राप्त होता है। इसलिये निःशुल्क तर्पण का आयोजन किया गया है।

तर्पण का आयोजन प्रातः काल से 11 बजे तक तीन चरणों में धार्मिक रीति से सम्पन्न हुआ, जिसमें देश के शहीद जवानों को आत्मा की शांति एवं पूर्वजों के लिए सामूहिक तर्पण किया गया है।

### विवाह में बढ़ती उम्र और परिवार विघटन एक ज्वलंत समस्या के विषय पर चर्चा हुई

# अग्रवाल समाज चौरासी के तत्वावधान में विशाल महिला अधिवेशन सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान





**मालपुरा (नि.स.)।** अग्रवाल समाज चौरासी के तत्वाधान में महिला परिषद द्वारा विशाल महिला अधिवेशन रविवार को डिग्गी में स्थित अग्रवाल सेवा सदन में आयोजित हुआ जिसमें विवाह में बढ़ती उम्र और परिवार विघटन एक ज्वलंत समस्या के विषय पर चर्चा हुई जिसमें एक हजार से अधिक महिलाओं ने भाग लिया।

आचार्य इंद्र नंदी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस अधिवेशन में संबोधित करते हुए राजस्थान सरकार के जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं द्वारा अन्य कार्यों में रुचि ली जाती है लेकिन इस अधिवेशन में आने से पता चला कि आज भी भारत देश में महिलाए अग्रणी है, जिन विषयों को लेकर अधिवेशन में इतनी महिलाएं एकजुट हुई है उससे पता चलता है कि महिला परिवार को एकजुट रखने की सोच रखकर कार्य करती है तो परिवारों का विघटन कभी नहीं होगा । आज यह महिला अधिवेशन आने वाली पीढ़ी को सुधारने का कार्य कर रही हैं। इस मौके पर देवली विधायक राजेंद्र गुर्जर ने कहा कि जैन धर्म जिओ और जीने का सिद्धांत देता है इसको हर व्यक्ति अपने जीवन में ग्रहण करता है,इस अधिवेशन के विषयों को भी हर समाज उतारता है तो आने वाले समय में परिवार और समाज मजबूत होंगे। इस दौरान जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि हम सामाजिक कार्यों सहित अन्य कार्यक्रमों को लेकर एकत्रित होते हैं लेकिन पहली बार यह देख रही हूं समाज में जो चिंता का विषय है उसकी चर्चा के लिए इतनी बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित हुई हैं । महिलाएं आगे आने पर इन विषयों का समाधान आसानी से हो जाएगा। जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि महिलाओं के आगे आने पर समाज में फैली हर बुराई को जड़ से खत्म किया जा सकता है। इस मौके पर समाज की महिलाओं ने कहा कि हमारे यहां पानी की समस्या है जिस पर जलदाय मंत्री ने टंकी निर्माण कराने की घोषणा की

समाज चौरासी के अध्यक्ष अनिल सुराशाही, महिला परिषद अध्यक्ष इंदु जैन मित्तल, युवा परिषद अध्यक्ष संजय सिंघी सहित सभी ब्लॉक से आई महिला अध्यक्षों ने सभी अतिथियों स्वागत सम्मान किया। इस दौरान जलदाय मंत्री को 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया गया। अधिवेशन में मालपुरा, फागी, जयपुर, भीलवाड़ा, अजमेर ,कोटा, टोंक,देवली, निवाई ,केकड़ी, उनियारा ,चाकसू,शिवाड़ सहित 1000 से अधिक महिलाए शामिल रही, इस अधिवेशन में मुख्य अतिथि टोंक जिला प्रमुख सरोज बंसल प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी ब्लॉक की महिलाओं ने इन विषयो पर विस्तार से चर्चा करी। मंच संचालन अध्यक्ष इंदु मित्तल ने किया।

### सेवा सदन में एक पेड़ मां के नाम पर लगाए पौधे

वन एवं पर्यावरण केंद्रीय मंत्री भूपेंद यादव , जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, विधायक राजेंद्र गुर्जर ने जैन मुनि इंद्र नंदी महाराज के दर्शन किए और एक पेड़ मां के नाम के तहत 108 पौधे लगाएं।

## फोटोग्राफर एसोसिएशन की बैठक, राहत कोष का गठन



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** रविवार को एक निजी मैरिज गार्डन में फोटोग्राफरों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्रजमोहन शर्मा ने की। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और फोटोग्राफर राहत कोष का गठन किया गया। इस कोष में बानसूर के सभी फोटोग्राफर हर महीने ?100 जमा करेंगे। कोष का उपयोग संगठन में शामिल किसी फोटोग्राफर की बेटी की शादी में कन्यादान के लिए या किसी हादसे की स्थिति में राहत के रूप में किया जाएगा। बैठक में सभी फोटोग्राफरों को एक समान दर पर कार्य करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया, जिसमें अध्यक्ष खिलू सैनी, उपाध्यक्ष रवि शर्मा, सचिव महेंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष देसराज, संरक्षक झार सिंह जी और प्रचार मंत्री राजू सैनी नियुक्त किए गए। बैठक में योगेश शर्मा, महेंद्र, शेर सिंह, बृज मोहन शर्मा, उमेश कुमार, पवन कुमार, अमित कुमार, मोहित कुमार, नवीन सैनी सहित हरसोरा, नारायणपूर, अतेला बामनवास, हमीरपूर और रामपुर के फोटोग्राफर भी मौजूद रहे।

## खटीक समाज बानसूर में दुलीचंद सोलंकी निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र में खटीक समाज के अध्यक्ष पद के लिए समाज के गणमान्य लोगों ने दुलीचंद सौलंकी को निर्विरोध निर्वाचित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष का समाज ने माला-साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया और उन्हें समाजहित में कार्य करने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर दुलीचंद सौलंकी ने कहा कि मेरा जो कुछ भी है वह समाज का ही है। आप मेरे, मैं आपका। फिर डर किस बात का ! जब तक मेरे शरीर में जीवन है, तब तक समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष करता रहूँगा और समाज को ससम्मान सफलता दिलाने तक पीछे नहीं हटूंगा। समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में कार्यकारिणी का गठन भी सर्वसम्मति से किया गया। नई कार्यकारिणी में अरविन्द बगोरिया उपाध्यक्ष, बिसम्बर दयाल सौलंकी सचिव, हेतराम खटीक कोषाध्यक्ष और धर्मपाल बसवाल प्रचार मंत्री नियुक्त किए गए। इस मौके पर गौकुल सौलंकी, बाबूलाल सौलंकी, ओमप्रकाश सौलंकी, प्रहलाद बागोरिया, यादराम सौलंकी, हेमराज बागोरिया, नन्दकिशोर, विक्रम बसवाल, किशोर सौलंकी, राहुल बागोरिया, गोपाल बागड़ी, साधुराम सौलंकी, जीतेन्द्र सौलंकी, पूर्ण सौलंकी, मोहन, रोहिताश, मुकेश पहाडिया, रामसिंह सौलंकी, रोहिताश सौलंकी सहित खटीक समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राजकीय महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर) ।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में रविवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) द्वारा अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. के एल मीना ने अपने उद्बोधन में बताया कि अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस हर साल 21 सितंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य विश्वभर में शांति के आदर्शों को मजबूत करना और संघर्षों को समाप्त करने के लिए एकजुट होना है। उन्होंने यह भी बताया कि शांति केवल संघर्ष की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि इसके लिए सक्रिय और सकारात्मक भागीदारी आवश्यक है। एनसीसी अधिकारी डॉ. रतिराम जाटव ने बताया कि 1981 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सितंबर के तीसरे मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस घोषित किया था, जिसे 2001 में 21 सितंबर के रूप में प्रतिवर्ष मनाने का निर्णय लिया गया।

## अजय गुरूजी बने कार्यकारी जिलाध्यक्ष, समाज ने किया भव्य सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (नि.स.)।** अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक यादव के आदेशानुसार बानसूर निवासी अजय यादव उफर्.अजय गुरूजी को राजस्थान प्रदेश के जिला कोटपूतली-बहरोड़ का कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति से यादव समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। यादव समाज के गणमान्य लोगों ने पूर्व अध्यक्ष किशनलाल यादव के नेतृत्व में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजय गुरूजी का माला-साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया और उन्हें लड्डू खिलाकर मुंह मीठा भी कराया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष किशनलाल यादव ने कहा कि अजय गुरूजी अपनी सेवा भावना के चलते समाज और पूरे विधानसभा क्षेत्र में पहचान रखते हैं। उन्होंने गुरूजी से अपेक्षा जताई कि समाज को एकजुट रखते हुए संगठन को नई मजबूती प्रदान करें। इस अवसर पर यादव समाज के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल थे: शिक्षाविद देशराज यादव, कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव, कांग्रेस सेवादल के जिला सचिव डॉ. रमेशचंद यादव, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप यादव, देवेन्द्र यादव, सरजीत आशु, सरजीत यादव गूंता, इंजिनियर अजय यादव, डॉ. बद्री यादव, मनीष यादव, धर्मवीर यादव, एडवोकेट अनील यादव, पत्रकार अमित यादव, विनोद यादव।

**नशामुक्त भारत के लिए 2.5 किमी की नमो युवा रन का हुआ आयोजन**

# नशामुक्त भारत के लिए 'नमो युवा रन' दौड़ा अलवर

बढ़ता राजस्थान

### विकसित भारत के लिए नशा मुक्ति भारत होना जरुरी- केंद्रीय मंत्री यादव



**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को राष्ट्रव्यापी सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत नशामुक्त भारत के लिए कम्पनी बाग से प्रताप ऑडिटोरियम तक आयोजित 2.5 किमी की 'नमो युवा रन' को झंडी दिखाकर रवाना कर अगुवाई करते हुए दौड़ पूरा किया। नमो युवा रन में जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक संगठन, व्यापारिक संगठन सहित बडी संख्या में आमजन ने उत्साह के भाग लेकर नशामुक्ति का संकल्प लिया। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने संबोधन देते हुए कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन पर आयोजित सेवा उत्सव पूरे देश में उत्साह से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए नशा मुक्त भारत होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नौजवान पीढ़ी को यह संकल्प करना होगा कि ना हम नशा करेंगे, ना ही नशा करना देंगे। उन्होंने युवा पीढ़ी को नमो युवा रन में नशा मुक्त भारत, स्वदेशी भारत और स्वस्थ भारत के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अलवर में आगामी 8 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय स्तर की टाईगर मैराथन का आयोजन होगा।

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि यह रन युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से दूर रखने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के संकल्प के साथ आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त भारत का सपना तभी साकार होगा जब हमारा युवा वर्ग स्वस्थ, सक्रिय और जागरूक बनेगा। युवाओं के साथ हर आयु वर्ग के लोगों ने दिखाया जोश, केंद्रीय मंत्री ने पूरी दौड़ लगाकर युवाओं का किया उत्साहवर्धन किया। शहीद स्मारक पर पर सुबह प्रातः 5 बजे से पहले ही न केवल युवा बल्कि हर आयुवर्ग के लोगों का आगमन शुरू हो गया। जिसमें बेटियां, महिलाएं, प्रोढ़ व वरिष्ठ नागरिक भी उत्साह के साथ नशे के खिलाफ इस दौड़ के सहभागी बने। मन्नी का बड़,शहीद स्मारक से लेकर नंगली तक केवल दौडने वाले लोग ही नजर आए। केंद्रीय मंत्री वन मंत्री एवं अलवर सांसद श्री भूपेंद्र यादव के आगमन के साथ ही प्रतिभागियों का जोश दुगुना हो गया। केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव एवं वन राज्य मंत्री श्री संजय शर्मा सहित जनप्रतिनिधि यों ने 2.5 किमी की रन दौड़ कर प्रताप ऑडिटोरिय पहुंच कर पूरी की। उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन किया। युवाओं में प्रताप ऑडिटोरियम पर लगे शेल्फी पॉइंट पर शेल्फी लेने का क्रेज रहा।

### अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 का आगाज 30 अक्टूबर से

केंद्रीय मंत्री यादव अलवर के युवाओं से अलवर सांसद खेल उत्सव में बढ़-चढकर भाग लेने का आह्वान किया। के विधानसभा स्तर के पहले चरण के सभी खेल (क्रिकेट के अतिरिक्त) प्रतियोगिताएं 30 अक्टूबर से 1 नवम्बर के बीच होंगी। सेमीफाइनल्स 7 नवम्बर से 9 नवम्बर के बीच होंगे। 2.0 के पंजीकरण 10 अक्टूबर तक होंगे। इस अवसर पर रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह, बानसूर विधायक श्री देवी सिंह शेखावत, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर,जिलाध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता, एवं श्री महासिंह चौधरी, पूर्व विधायक रामहेत यादव, बनवारी लाल सिंघल एवं जयराम जाटव, मंगलाराम कोली, मोहित यादव, संजय नरूका, बन्ना राम मीणा सहित जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्ध नागरिक एवं बड़ी संख्या में युवाओं ने नमो युवा रन में भाग लिया।

## सेवा पखवाडा के तहत आयोजित शिविर में किया 81 यूनिट रक्तदान

**वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने रक्तदान शिविर में शिरकत कर रक्तवीरों का उत्साहवर्धन किया**

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाडे के तहत रविवार को अलवर शहर में रिवाज़ रिर्जोट में विवेकानंद मंडल के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत कर रक्तवीरों की हौसला अफजाई कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में 81 रक्तवीरों को प्रशस्ति पत्रा प्रदान कर सम्मानित किया।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि रक्तदान परोपकार का सबसे सशक्त माध्यम जो जरूरतमंद को जीवनदान के समान है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में परोपकार प्रमोधर्म रहा है और रक्तदान शिविर जैसे आयोजनों में यह स्पष्ट परिलक्षित होता है।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी सोच देश के प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ, निरोगी एवं देश के विकास में सहभागिता की है। उसी के अनुरूप सेवा पखवाडे के तहत देशभर में युवा रक्तदान जैसी विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियां कर समाज को एकरूपता का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अलवर शहर का चहुंमुखी विकास कर शहरवासियों के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक निधि की सम्पूर्ण 5 करोड रूपये की राशि शहर में बोरिंग कराने हेतु खर्च की गई, जिससे पेयजल समस्या में काफी राहत मिली है।

साथ ही शहर की पेयजल समस्या के स्थाई समाधान हेतु सिलीसेढ योजना के तहत पानी लाया जाएगा। साथ ही ईआरसीपी योजना का भी कार्य गतिशील है जिससे शहर के जयसमंद बांध में पानी की आवाक होगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, जितेन्द्र राठौड, संजय नरूका,चन्द्रप्रकाश शर्मा, मोहित गुप्ता, सतीश यादव, महेश निहालवानी, दिनेश गुप्ता, डॉ. के.के. शर्मा, राजेन्द्र सिंह शेखावत, पं. जलेसिंह, राजेन्द्र कसाणा, दीपक पण्डित, सुमन चौधरी, सोनू चौधरी, लोचन यादव, पूनम गुर्जर सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## बच्चों को शिक्षा और संस्कार देने के प्रयास, रोटरी क्लब का सहयोग रहा

**फाउंडेशन की ओर से मॉड्यूलर शिक्षण सामग्री के साथ कपड़े और मौजे वितरित किए**




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से अलवर में स्कूलों में नियमित रूप से नहीं जाने वाले बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देने के प्रयास किए जा रहे हैं। दाउदपुर में संचालित शिक्षा संस्कार वृक्ष स्कूल में बच्चों को पढ़ाई के लिए मॉड्यूलर शिक्षण सामग्री के साथ कपड़े और मौजे वितरित किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी क्लब अलवर के अध्यक्ष एवं समाजसेवी जितेंद्र खुराना ने कहा कि ऐसे बच्चे जो शिक्षा से वंचित हैं, उन्हें मुख्यधारा से जोडना कठिन ही नहीं बल्कि सराहनीय कार्य है। उन्होंने इस कार्य में रोटरी क्लब अलवर के पूर्ण सहयोग की पुष्टि की।

कार्यक्रम में संरक्षक दौलत राम हजरती ने कहा कि नेक कमाई टीम जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचकर उन्हें स्वावलंबी बनाने के प्रयास कर रही है, जिसमें विशेष रूप से बालिका शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। सीएसआर हेड रेखा महलावत ने बताया कि बच्चों को पढ़ाई की अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ा जा रहा है। गायत्री परिवार की ट्रस्टी प्रतिभा सिंह ने बच्चों को गायत्री मंत्र के महत्व के बारे में जानकारी दी।

अंत में मुख्य कोऑर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में गुरप्रीत सिंह पवित्र, प्रवीन बत्रा, सोनिका अरोड़ा, शिखा जैन, संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल और मीना तनेजा उपस्थित थे। बच्चों को कपड़े मधुसूदन आश्रम अलवर और अन्य सामग्री फीडिंग हैंड्स तथा डॉ. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की ओर से प्रदान की गई।

**स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के तहत ...**

## निगम आयुक्त नरूका ने स्वच्छता को लेकर दुकानदारों को किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के तहत अलवर शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने की दिशा में आज रविवार को चूड़ी मार्केट, गणेश मार्केट, तिलक मार्केट और वीर चौक का दौरा कर व्यापारियों व दुकानदारों से संवाद कर उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा व्यापारियों संगठनों की प्रतिनिधियों की मौजूदगी में डस्टबीन वितरित किए। नगर निगम आयुक्त श्री नरूका ने व्यापारियों व दुकानदारों से शहर की स्वच्छता के संबंध में संवाद कर शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने की अपना सहयोग देने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि न ही अपनी दुकानों के बाहर कचरा न फैलाने और ना ही किसी को फैलाने देवे। कचरें को निर्धारित गीले व सूखे स्टबीन में ही डाले तथा ऑटो टीपर में भी कचरा पृथक-पृथक ही डाले। उन्होंने कहा कि शहर को साफ-सुथरा रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे इस पहल में सहयोग करें ताकि अलवर को एक स्वच्छ और सुंदर शहर बनाया जा सके।

इस दौरान पर्यटन विभाग की उपनिदेशक श्रीमती टीना यादव, अध्यक्ष दिनेश जादौन, चूडी मार्केट विकास समिति के प्रतिनिधि महामंत्री मुकेश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष जयवीर प्रसाद, संरक्षक गिर्राज ढाणावत, वरिष्ठ सलाहकार गोविंदराम अग्रवाल और सुभाष अग्रवाल, जुगल किशोर, सतीश खंडेलवाल और मिठ्ठन प्रसाद झालानी तथा सहायक अभियंता राजकुमार सैनी व हेमंत यादव, कनिष्ठ अभियंता मुस्तफा, स्वच्छ भारत अभियान के अभियंता राकेश मीणा मौजूद रहें।

### गायत्री शक्तिपीठ पर सम्पन्न हुआ सामूहिक श्राद्ध कर्म

**अलवर (का.स.)।** गायत्री परिवार ट्रस्ट करौली कुंड के द्वारा गायत्री शक्तिपीठ अलवर पर सर्वदेवपितृ अमावस्या के दिन सामूहिक श्राद्ध तर्पण का आयोजन किया गया। कृष्ण कुमार मिश्रा एवं दौलत राम शर्मा परिव्राजक ने तर्पण संस्कार संपन्न करवाया। इस अवसर पर आज सुबह 7 बजे प्रारंभ हुआ जिसमें दो पारियों में सो से अधिक श्रद्धालुओं ने अपने-अपने पितरों का श्राद्ध तर्पण करवाया। श्राद्ध तर्पण में दूध, दही, जौं,काले तिल,अक्षत, गंगाजल, शहद,पुष्प आदि मांगलिक द्रव्यों का उपयोग किया गया । आचार्य द्वारा पिता पक्ष एमाता पक्ष एवं अन्य जाने अनजाने लोगों का भी इस अवसर पर तर्पण करवाया गया तथा गाय ए स्वानए कौआ पितृ एवं चींटी के लिए भी भोग निकाला गया। इसके पश्चात पंच कुंडीय गायत्री यज्ञ किया गया ।जिसमें गायत्री मंत्रए महामृत्युंजय मंत्र तथा पितरों का आहुतियां दी गई। सामूहिक श्राद्ध तर्पण में कई महिलाओ ने भी अपने परिवार के पितरों का श्राद्ध तर्पण किया।

# सुविधा बनी दुविधा-एक्सप्रेस वे के यातायात दबाव से पापड़ी ओवरब्रिज पर जाम और हादसों का खतरा

## रेलवे समपार फाटक पर जाम से मुक्ति के लिये किया गया था निर्माण

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा) ।** दिल्ली-मुंबई रेलवे लाइन पर पापड़ी गांव के पास रेलवे और सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनाया गया ओवरब्रिज आज खतरे की घंटी साबित हो रहा है। इसे पूर्व में रेलवे की समपार फाटक पर लगने वाले लंबे जाम से छुटकारा दिलाने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। उस समय स्टेट मेगा हाईवे के सीमित यातायात को ध्यान में रखकर इसका डिजाइन तय किया गया था।लेकिन विभागीय लापरवाही और जल्दबाजी में अधूरे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे को चालू कर देने से हालात पूरी तरह बदल गए। आठ लेन का भारी ट्रैफिक अब इस मात्र दो लेन के ओवरब्रिज से होकर गुजर रहा है। नतीजतन, जहाँ कभी लोगों को जाम से मुक्ति की उम्मीद थी लेकिन अब मेज़ नदी के पुल पर रोजाना जाम और दुर्घटनाओं का नया कारण बन रहा है। एक्सप्रेस वे पर कोटा की ओर जाने वाले व कोटा की ओर से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन भी कुशलता,, सवाई माधोपुर तक आवाजाही के लिये इस पुल से होकर गुजरते है जिसके चलते एठ लेन का यातायात मात्र दो लेन में ही आवाजाही करने से बीते छह महीनों में ही पुल की हालत दयनीय हो चुकी है। जगह-जगह डामर उखड़ गया, दोनों ओर की एप्रोच रोड गहरे गड्ढों में बदल गई है। फिलहाल विभाग मरम्मत कार्य करवा रहा है, लेकिन यह केवल अस्थायी समाधान है। वास्तविक समस्या यह है कि क्षमता से दस गुना अधिक दबाव झेलने वाला यह ओवरब्रिज अपनी उम्र से पहले ही दम तोड़ता दिखाई दे रहा है।



### प्रशासन पर सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रसासन ने बिना दूरगामी योजना बनाए अधूरे एक्सप्रेस वे पर लबान से कोटा तक यातायात शुरू कर दिया जिससे भारी लोडिंग वाहन आबादी व इस ओवरब्रिज से होकर गुजर रहे है यह एक तरह से गंभीर लापरवाही है। अब इसकी कीमत हजारों वाहन चालकों और ग्रामीणों को रोजाना जाम और खतरे के रूप में चुकानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो आये दिन वाहन चालक हादसे के शिकार होंगे ।

### ग्रामीणों और वाहन चालकों का रोष

ग्रामीणों का कहना है कि यदि अधूरे एक्सप्रेस वे को बिना पूर्ण तैयारी के चालू नहीं किया जाता, तो यह समस्या ही उत्पन्न नहीं होती। सरकार ने जल्दबाजी में अधूरा एक्सप्रेस वे शुरू किया और अब उसका सारा बोझ हमारे इलाके पर डाल दिया है। जिससे पुल पर दिन-रात जाम रहता है, हादसों का डर हर समय बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि केवल पुल की मरम्मत से काम नहीं चलेगा, या तो पुल का चौड़ीकरण हो या फिर ट्रैफिक डायवर्ट किया जाए।



### इनका कहना

ओवरब्रिज का निर्माण स्टेट मेगा हाइवे के दो लेन के संभावित वाहन दबाव के मापदंडों के अनुरूप किया गया था परन्तु अब एक्सप्रेस वे आठ लेन के वाहन इस पुल पर मात्र दो लेन से गुजर रहे जो इसकी क्षमता से करीब दस गुना अधिक है ऐसे एक्सप्रेस के यातायात को डायवर्ड करने की आवश्यकता है क्षतिग्रस्त ओवरब्रिज का मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर गुणवत्तापूर्ण किया जा रहा है स्थाई समाधान एक्सप्रेस के लबान से कुश्तला तक खण्ड के शुरू होने पर ही होगा स्थिति से जिला कलेक्टर समेत उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है ।

*एस के सिंघल एक्स-ई-एन लाखेरी*

पापड़ी ओवरब्रिज का निर्माण रेलवे व सर्व जनिक निर्माण विभाग ने मिलकर किया था जो समपार फाटक पर जाम से मुक्ति के लिये किया गया था पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कर दी गई है और स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है ।

**राजेश यादव एक्स -ई -एन रेलवे कोटा खण्ड**

# कांग्रेस नेता पर प्राणघातक हमले के 8 आरोपी न्यायिक हिरासत में




**बढ़ता राजस्थान, नैनवां (टी.आर सैनी)।** शहर के कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष आबिद अली पर हुए प्राणघातक हमले के आठ आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा के मार्गदर्शन में नैनवां पुलिस थाने की टीम ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया। आरोपी अहसान उर्फ रसीला, नासिर उर्फ राणा, शारूख उर्फ कच्चा, नाईद, अख्तर हुसैन, अयान, साजिद उर्फ आरन और अमन नैनवां के निवासी हैं। इन सभी ने 11 सितंबर की रात आबिद अली पर षडयंत्रपूर्वक हमला किया था और घटना के बाद मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने प्रकरण में धारा 115(2), 126(2), 189(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की। कार्यवाही में थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा, कांस्टेबल रामेश्वर, रामप्रसाद, राजेश और राकेश शामिल थे।

# इंडिया डांस कॉम्पटीशन का आयोजन, दिल्ली की मनीषा बम रही विजेता



**बढ़ता राजस्थान, चौमहला (झालावाड़)।** शनिवार रात चौमहला स्थित अग्रवाल धर्मशाला में इंडिया डांस कॉम्पटीशन का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के 46 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 25 हजार रुपए की राशि के साथ दिल्ली की मनीषा बम ने जीता। डांस कॉम्पटीशन का शुभारंभ डॉ. रेखा वर्मा, प्रशासक प्रतिनिधि अशोक भंडारी, व्यापार महासंघ संयोजक दिलीप जैन, रेडीमेड व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेंद्र कालरा, मोबाइल व्यवसाय संघ अध्यक्ष किशोर विश्वकर्मा, एडवोकेट आदित्य कटारिया और उषा पोरवाल ने भगवान गणेश की मूर्ति पर दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में दिल्ली, भरतपुर, अलवर, रतलाम, कोटा, भवानीमंडी, शामगढ़, सुवासरा, मंदसौर, आगरा मालवा और चौमहला सहित विभिन्न शहरों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता तीन राउंड में संपन्न हुई। द्वितीय पुरस्कार मोबाइल फोन के साथ पवन पंथी (मंदसौर) और तृतीय पुरस्कार 32 इंच रुश्वष्ठ टीवी के साथ आरुष तवर (आगर मालवा) को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक दया सागर और दिनेश जैन ने किया। निर्णायक मंडल में तुषार चौहान, अंशुल बतारा और हिमांशु बतरा (कोटा) शामिल थे। इस अवसर पर डॉ. राजकुमार बाघेला, पिंकी डोसी, सचिन कटारिया, ममता अग्रवाल, सुप्रीम जैन, अमन मेहता, नमन जैन, आदित्य नागर, तुषार चौहान और प्रिंस लुहार उपस्थित रहे।

# 25 सितंबर को बांसवाड़ा आएंगे प्रधानमंत्री मोदी, तैयारियों को लेकर भाजपा की बैठक सम्पन्न




**बढ़ता राजस्थान, निंबाहेड़ा (नि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 सितंबर को बांसवाड़ा दौरे और प्रस्तावित सभा की तैयारियों को लेकर रविवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता विधायक एवं पूर्व यूडीएच मंत्री श्रीचंद कृपलानी ने की। सभा प्रभारी एवं मुख्य वक्ता महेश शर्मा (धरियावद) ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री की सभा का अधिक से अधिक प्रचार करने और आमजन की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के सातों मंडल अध्यक्षों से चर्चा कर उन्हें आवश्यक जिम्मेदारियां भी सौंपी। विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बांसवाड़ा में देश के 9वें और राजस्थान के दूसरे परमाणु ऊर्जा संयंत्र का शिलान्यास करेंगे। इस परियोजना से क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना, रोजगार सृजन और आस-पास के जिलों का विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने का आग्रह किया। बैठक में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, भाजपा जिला अध्यक्ष रतन गाडरी, प्रतापगढ़ जिला अध्यक्ष महावीर सिंह कृष्णावत, पंस प्रधान बगदीराम धाकड़, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, राजेंद्र सिंह शक्तावत, जुगलकिशोर धाकड़, प्रदीप उपाध्याय, विक्रम कुमावत, लोकेश धाकड़ सहित सातों मंडलों के महामंत्री, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 22 सितम्बर से शुरू होगा राष्ट्रीय दशहरा मेला निंबाहेड़ा, नगर परिषद ने की पार्किंग निःशुल्क

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** नगर परिषद निंबाहेड़ा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय दशहरा मेला 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। इस बार मेले में दर्शकों और मेलार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक अहम निर्णय लिया गया है। मेला कमेटी ने पार्किंग व्यवस्था को पूरी तरह से निःशुल्क कर दिया है। इससे जहां आमजन को राहत मिलेगी, वहीं हर साल पार्किंग को लेकर होने वाले विवादों और अवैध वसूली पर भी अंकुश लगेगा। नगर परिषद सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी गई। इस दौरान उपखंड अधिकारी एवं नगर परिषद प्रशासक विकास पंचोली और आयुक्त कौशल कुमार खटूमरा उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के निर्देश पर मेला कमेटी ने यह निर्णय लिया है। मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इस बार भी दर्शकों के लिए खास आकर्षण रहेंगे। 25 सितम्बर को कवि कुमार विश्वास विराट कवि सम्मेलन में अपनी प्रस्तुति देंगे। 29 सितम्बर को मशहूर डांसर सपना चौधरी और 30 सितम्बर को लोकप्रिय गायक हंसराज रघुवंशी मंच पर प्रस्तुति देंगे। मेला कमेटी ने अपील की है कि मेले में आने वाले दर्शक अपने कीमती सामान की सुरक्षा स्वयं करें, क्योंकि भीड़भाड़ में चोरी की आशंका बनी रहती है। समिति ने भरोसा दिलाया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है।

# नहीं मिल रहा डीएपी खाद, धान की फसल पर मंडरा रहा खतरा

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा) ।** धान की फसल के लिए इस समय डीएपी खाद देना बहुत जरूरी है। लेकिन क्षेत्र के किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। सहकारी समितियों और निजी डीलरों के पास लंबे समय से खाद का स्टॉक नहीं होने से किसान दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं।किसान राजेन्द्र मीणा ने बताया कि इस सीजन में पहले ही सोयाबीन,उड़द और मक्का की फसलें अतिवृष्टि से चौपट हो चुकी हैं। ऐसे में उनकी उम्मीदें धान की फसल पर टिकी हुई हैं। लेकिन समय पर डीएपी खाद नहीं मिलने से धान की फसल कमजोर पड़ती जा रही है। किसान अपनी मेहनत और भविष्य को लेकर बेहद चिंतित हैं। किसान नेता महेश मीणा ने बताया कि धान की फसल करीब तीन महीने की हो चुकी है और इस समय धान को खाद देना अनिवार्य है, लेकिन सरकार की अनदेखी व लापरवाही के कारण किसान ठगा जा रहा है। हम समितियों और डीलरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कहीं खाद नहीं मिल रही। अगर समय रहते खाद की सप्लाई नहीं की गई तो आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। मालिक पूरा के योगराज सैनी ने बताया कि धान के खेत में महंगा डीजल जला कर पानी भरा है परन्तु अब खाद नही मिलने से पानी सूखता जा रहा बड़ाखेड़ा के किसान हेमराज मीणा ने बताया की समय से खाद न डाल पाने से पौधे कमजोर हो रहे हैं। अगर अभी भी खाद नहीं मिली तो पूरी फसल खराब हो जाएगी और किसान आर्थिक संकट झेलना पड़ेगा।

ग्रामीणों ने प्रशासन व विभाग से तुरंत क्षेत्र में खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि धान की फसल इस समय निर्णायक अवस्था में है और अगर डीएपी खाद समय पर नहीं मिली तो किसानों की मेहनत पर बर्बाद हो जाएगी।

# श्री जैन दिवाकर कमल गौशाला में एक दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर संपन्न

**बढ़ता राजस्थान, निंबाहेड़ा।** श्री जैन दिवाकर कमल गौशाला में जे.के. सीमेंट निंबाहेड़ा द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) के तहत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण पशुपालकों को पशुओं की स्वास्थ्य समस्याओं से राहत दिलाना और नि:शुल्क दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराना था। यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल और एचआर हेड प्रभाकर मिश्रा के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सक डॉ. प्रवीण कुमार एवं उनकी टीम ने गौशाला की 169 बीमार गायों का प्राथमिक उपचार किया। सभी उपचारित पशुओं को नि:शुल्क दवाइयां भी दी गईं। डॉ. प्रवीण ने पशुओं की देखभाल और स्वास्थ्य प्रबंधन को लेकर गौशाला समिति के सदस्यों को उपयोगी सुझाव दिए।

# अग्रसेन जयंती पर होगी कई प्रकार की प्रतियोगिताएं

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (दामोदर सिंह)।** अग्रवाल समाज संस्था कोटा जंक्शन द्वारा दोपहर 2.00 बजे महिलाओं की एवं बच्चों की प्रतियोगिता का शुभारंभ

पूनम गोयल पूर्व विधायक ,श्रीमती शालू अग्रवाल श्रीमती राजकुमारी जैन श्रीमती डॉक्टर रेनू गुप्ता एवं महिला कार्यकारिणी द्वारा किया गया। अध्यक्ष मुकेश जैन ने बताया रात्रि 8.00 बजे से फैंसी ड्रेस कार्यक्रम गणेश वंदना नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह पारितोषिक वितरण कार्यक्रम अग्रवाल धर्मशाला अग्रसेन मार्केट कोटा जंक्शन पर आयोजित किया गया। महामंत्री दुर्गा प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण महासभा के संरक्षक सुरेंद्र अग्रवाल एवं संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश मित्तल अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के द्वारा करवाई गई।

शोभा यात्रा को लोकसभा अध्यक्ष बिरला जी दिखाएंगे हरी झंडी

अग्रवाल समाज संस्था कोटा जंक्शन द्वारा कल दिनांक 22 सितंबर 2025 प्रातः 8:00 बजे महाराजा श्री अग्रसेन जी की विशाल शोभायात्रा अग्रवाल धर्मशाला से श्रीमान ओम जी बिरला स्पीकर लोकसभा हरि झंडी दिखाकर रवाना करेंगे इसमें घोड़े पर राजकुमार एवं बग्घी पर श्री अग्रसेन जी महाराज एवं माधवी की झांकी रहेगी ।इस अवसर पर डांडिया करती हुई अग्रवाल महिला मंडल की सदस्य शोभायात्रा में शामिल होगी।

### शोभा यात्रा में यह रहेंगे शामिल

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के चेयरमैन रामगोपाल अग्रवाल ,जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंधल ,महामंत्री रमेश गोयल ,युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमराज जिंदल ,समाजसेवी संदीप चांदीवाला ,संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश मित्तल ,महासभा के अध्यक्ष सुरेश गर्ग, संभाग अध्यक्ष मोहन अग्रवाल सहित अनेक अग्रवाल बंधु शामिल रहेंगे।

# सीटू के 51 वे स्थापना दिवस के अवसर हुई आम सभा

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** रविवार को न्यू कम्युनिटी सेंटर अणुप्रताप कॉलोनी में सीटू यूनियन की आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने परिवार सहित भाग लिया ।

आम सभा की शुरुआत में परमाणु विद्युत कर्मचारी यूनियन के महासचिव बी एल मीणा ने सभी कर्मचारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि 04 सितंबर 2024 को हुए गुप्त मतदान में कर्मचारियों ने सीटू यूनियन को मान्यता दिलाई जिसका ही नतीजा है कि इस एक वर्ष के कार्यकाल में सीटू यूनियन ने कर्मचारियों से किए वादों के अनुरूप 37 वर्षों से लंबित पेंशन का समाधान करते हुए कर्मचारियों को उनका अधिकार दिलाने, परिवहन व्यवस्था गुणात्मक सुधार करवाते हुए कोटा के लिए एक अतिरिक्त मिनी बस शुरू करने, चित्तौडग़ढ़ के लिए चलने वाली मिनी बस को उदयपुर तक चलाने पर सहमति बनवाने, सभी कैंटीनों में खाद्य सामग्री को बेहतर करवाने, इकाई 7 व 8 में ट्रांसपोर्ट व्यवस्था में सुधार करने के साथ वहां कार्यरत कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, अस्पताल के आर्युवेदिक, होम्योपैथिक सुविधा, के साथ साथ सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों की विजिट शुरू करवाने जैसे अनेकों कार्य इस 1 साल के मान्यता काल में करवाए।



सभा के मुख्य अतिथि श्री संजय संगर ने बताया कि वर्ष 1974 में 20 सितंबर को रावतभाटा में राजस्थान अणुशक्ति कर्मचारी यूनियन सीटू की स्थापना की गई थी उस समय हैवी वाटर प्लांट व राजस्थान परमाणु बिजली घर में संयुक्त रूप से एक ही यूनियन कार्यरत थी क्योंकि दोनों ही इकाइयां भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत थी बाद में वर्ष 1987 में जब न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन का गठन हुआ तो संवैधानिक आवश्यकताओं को देखते हुए परमाणु विद्युत कर्मचारी यूनियन का गठन हुआ जो कि निगम में कार्य करने हेतु अधिकृत थी इस प्रकार पिछले 51 वर्षों से रावतभाटा में सीटू यूनियन कार्यरत है और संगठित असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को उनके अधिकार दिलाने और हितों की रक्षा करने में सीटू ने निरंतर अग्रणी भूमिका निभाई है और आज भी कर्मचारी एवं मजदूर की मान्यता है कि उनके हकों के लिए कोई वास्तविक रूप से संघर्षशील संगठन सिर्फ सीटू ही है अपने इस लगभग 51 वर्ष के कार्यकाल में सीटू के खाते में अनेकों उपलब्धियां है जिसे सीटू के कार्यकर्ताओं ने अपनी कुर्बानिया से हासिल की है परमाणु बिजली घर में कर्मचारियों को गुप्त मतदान के द्वारा अपनी पसंद की यूनियन को मान्यता हेतु चुनाव किए जाने का हक भी सीटू ने ही माननीय उच्च न्यायालय से दिलवाने में अग्रिम भूमिका अदा की थी ताकि कर्मचारी अपने पसंद की यूनियन का चुनाव कर सकेद्य साथ ही बताया कि केंद्रीय यूनियन के विरोध के चलते कि केंद्र सरकार आज तक चार श्रम कोड बिल लागू नहीं कर पायी है।

सभा का संचालन साथी गजेंद्र राव ने कियाद्य सभा के अंत में यूनियन अध्यक्ष विकास चौहान ने सभा में पधारे सभी कर्मचारियों व उनके परिवारजनों का धन्यवाद देते हुए कर्मचारियों को विश्वास दिलाया कि सीटू यूनियन हमेशा कर्मचारियों के अधिकारों व हितों की रक्षा के लिए सजग और सतर्क है।

## केलवा अंबा माता मंदिर में नवरात्रि महोत्सव की धूम

**बढ़ता राजस्थान, राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** केलवा स्थित श्री अंबा माता जी मंदिर में इस वर्ष भी नवरात्रि के अवसर पर नौ दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन ज्वारा स्थापना, हवन-यज्ञ और आरती आयोजित की जाएगी।



श्री अंबा माता जी सेवा समिति के अध्यक्ष रामनारायण पालीवाल ने बताया कि नवरात्रि के दौरान इंदौर, भोपाल, झाबुआ, मुंबई और राजसमंद जिले के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर परिसर में प्रतिदिन होने वाली आरती और सेवा कार्यों में पालीवाल समाज केलवा और श्री अंबा माता जी मंदिर सेवा समिति सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आयोजन में पंडित मोहन लाल, भोपाजी हिरा महाराज, भगवती लाल पालीवाल (उपसरपंच), ब्रदीलाल, रामनारायण, भंवरलाल, मदन काका, अंबालाल काका, संजय कुमार, मुरलीधर पालीवाल, मदन, जगदीश, परमेश्वर, मनीष, धर्मेश, मुकेश, दीपक, कमलेश, अनिल, दुर्गेश, यशवंत सहित अनेक भक्तजन सहयोग दे रहे हैं। महोत्सव में भक्तजन नौ दिनों तक आराधना और पूजा-अर्चना में भाग लेकर नवरात्रि की गरिमा और भक्ति भाव को और भी उजागर कर रहे हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से वानर की मौत स्वयंसेवी संस्था ने किया अंतिम संस्कार



**बढ़ता राजस्थान, भुसावर (यतेन्द्र पांडेय)।** भुसावर के श्री आर्य महिला विद्यापीठ रोड पर मेगा हाईवे 45, रघुनाथ सेठ बाग के सामने हनुमान मंदिर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक कपि (बानर) की असमय मृत्यु हो गई। घटना सुबह लगभग 8.00 बजे हुई। सूचना मिलते ही देवसेना अध्यक्ष बबलू गुर्जर कंचनपुरा की ओर से अखिल भारतीय शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान संयोजक यतेन्द्र पांडेय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कपि का सनातन रीति-रिवाज के अनुसार हनुमान मंदिर के पास अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर यतेन्द्र पांडेय, बबलू गुर्जर कंचनपुरा, डॉ. रघुनाथ पचहरा, सतीश सिंघल, पशुधन सहायक सचिन अधाना, फाउंडेशन की वन्यजीव एवं पर्यावरण प्रभारी शीला पांडेय सहित अनेक भक्तजन उपस्थित रहे। इस घटना ने स्थानीय नागरिकों और वन्यजीव प्रेमियों में शोक और संवेदना उत्पन्न की।

## विधायक डॉ. सुभाष गर्ग के प्रयास रंग ला रहे, भरतपुर के स्कूलों को मिली बड़ी स्वीकृति

**बढ़ता राजस्थान, भरतपुर (यतेन्द्र पांडेय)।** शिक्षा के क्षेत्र में भरतपुर को अव्वल बनाने के प्रयासों का नतीजा दिखने लगा है। पूर्व मंत्री और भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग के प्रयासों से राज्य सरकार ने भरतपुर विधानसभा के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के राजकीय विद्यालयों के विकास के लिए महत्वपूर्ण राशि स्वीकृत की है। राज्य सरकार ने भरतपुर विधानसभा के तीन ग्रामीण विद्यालयों में फिजिक्स, कैमिस्ट्री और बायलॉजी की लैब व उपकरणों के लिए कुल 1.80 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में जाटौली रथभान स्थित राजकीय सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में लैब के लिए 67.50 लाख रुपये, चिकसाना के राजकीय सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में कैमिस्ट्री एवं बायलॉजी लैब व उपकरण के लिए 45 लाख रुपये, और इकरन के राजकीय शहीद सतपाल सिंह विद्यालय में लैब व उपकरणों के लिए 67.50 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। डॉ. गर्ग ने बताया कि इन लैबों के निर्माण से विद्यार्थियों को प्रयोग और अनुसंधान करने में सुविधा मिलेगी। इससे उनके वैज्ञानिक सोच, विश्लेषणात्मक कौशल और विज्ञान के प्रति रुचि का विकास होगा तथा वे विज्ञान के सिद्धांतों को व्यवहारिक रूप से समझ सकेंगे। इसके अतिरिक्त, शहरी क्षेत्र के दो प्रमुख विद्यालयों के सुद्दढीकरण के लिए करीब 2 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें राजकीय महाराजा बदन सिंह सीनियर सैकण्डरी स्कूल को 1.06 करोड़ रुपये और राजकीय मास्टर आदित्येन्द्र सीनियर सैकण्डरी स्कूल को 96 लाख रुपये का विकास कार्य के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के प्रयास विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## अग्रसेन जयंती के अवसर पर महिलाओं के लिए चम्मच उठाओ-माला पहनाओ प्रतियोगिता आयोजित



**बढ़ता राजस्थान, भुसावर (यतेन्द्र पांडेय)।** स्थानीय अग्रवाल महिला समिति के तत्वाधान में अग्रसेन जयंती के पांच दिवसीय महोत्सव के तृतीय दिवस पर महिलाओं के लिए चम्मच उठाओ-माला पहनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 54 महिलाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शोभा सिंगला और राधा गोयल विजेता रहीं। प्रतियोगिता का आयोजन अग्रवाल समाज भवन में किया गया और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। महोत्सव के दौरान सोमवार को प्रभात फेरी, वैदिक यज्ञ, डांडिया नृत्य और सहभोज जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि बुधवार को शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर समिति की कोषाध्यक्ष कविता मित्तल, लता, अल्का, सुमन, पूनम, रेखा, नीलम, सपना, गीता, मीरा, माया सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं और कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

## लोहागढ़ में सिवाय चक भूमि विवाद

**बढ़ता राजस्थान, जुरहरा/भरतपुर/डीग (यतेन्द्र पाण्डेय) -** जुरहरा कस्बा क्षेत्र के लोहागढ़ गांव में रविवार को सिवाय चक भूमि पर फसल कटाई को लेकर विवाद भडक़ गया। विवाद के दौरान दो पक्षों में झगड़ा हो गया, जिसमें कुल 13 लोग घायल हुए। घायलों को राजकीय किरोड़ीलाल स्वर्णकार अस्पताल, जुरहरा में भर्ती कराया गया, जिनमें से गंभीर स्थिति वाले कुछ घायलों को जिला अस्पताल भरतपुर रैफर किया गया।

# कुंवारिया में पांच दिवसीय सांस्कृतिक मेला आज से शुरू प्रधान व बीडीओ ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले के कुंवारिया कस्बे में जोहिडा बावजी का पांच दिवसीय भव्य सांस्कृतिक मेला आज से प्रारंभ हो रहा है। मेले की तैयारियों के अंतिम दिन रविवार देर शाम प्रधान अरविंद सिंह राठौड़ और बीडीओ महेश गर्ग ने स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने मेले में लगे व्यापारियों से बातचीत भी की। उत्तर प्रदेश से आए एक व्यापारी ने प्रधान से पशु मेला न होने का कारण पूछा। राठौड़ ने बताया कि इस बार केवल सांस्कृतिक मेला आयोजित किया जाएगा, क्योंकि पशुओं में लंपी बीमारी की पुष्टि हुई है। मेले के प्रभारी राजेंद्र आचार्य ने बताया कि मेले में कुल 540 प्लॉट बिक चुके हैं, जिससे पंचायत समिति को लगभग 9 लाख रुपये की आय हुई है। झूले, ड्रैगन डॉलर और अन्य मनोरंजन साधनों की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। व्यवस्थाओं पर नजर रखने के लिए अंबालाल पूर्बिया, नानालाल कीर, कन्हैयालाल जाट और विकास अधिकारी महावीर सिंह सहित अन्य जिम्मेदार उपस्थित थे। मेले का उद्घाटन सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, उपजिला प्रमुख सोहनी देवी गुर्जर और अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। शुभारंभ में गेट पर फीता काटने के साथ जोहिडा बावजी का माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद मेला शुरू कराने वाले तीन महान पुरुष—पूर्व विधायक आचार्य निरंजन नाथ, पूर्व प्रधान कैप्टन दौलत सिंह और तत्कालीन सरपंच तेजसिंह डोडिया को नमन किया जाएगा और ध्वजारोहण की परंपरा निभाई जाएगी। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विशेष आयोजन किया गया है। उद्घाटन की रात राजस्थानी रंगारंग कार्यक्रम होगा। 23 सितंबर को राजस्थानी ऑर्केस्ट्रा, 24 सितंबर को विशाल भजन संध्या जिसमें तासोल के प्रसिद्ध मेवाड़ी गायक लेहरू दास वैष्णव अपनी प्रस्तुति देंगे। 25 सितंबर को विशाल कवि सम्मेलन आयोजित होगा और 26 सितंबर को मेले का समापन होगा।



# हाईवे के राजौरा खुर्द टोल पर भाजपा स्वागत कार्यक्रम

### आधा घंटा रहा आवागमन प्रभावित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा) ।** धौलपुर में विराट नगर विधायक कुलदीप धनखड़ के आगमन पर राजौरा खुर्द टोल प्लाजा पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, दुष्यंत सिंह बघेल और दर्जनों अन्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने कुर्सियां लगाकर विधायक और अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। इसके चलते करीब आधे घंटे तक टोल बूथ से वाहन आवागमन प्रभावित रहा। एनएचएआई पीडी भरत सिंह ने कहा कि टोल प्लाजा पर इस तरह के राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करना नियम के खिलाफ है। उन्होंने बताया कि यदि जागरुकता का कार्यक्रम होता तो अलग बात थी, लेकिन राजनीतिक स्वागत के लिए ऐसा करना उचित नहीं। भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने सफाई दी कि भाजपा का कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं था और टोल संचालन करने वाले स्थानीय युवकों ने स्वयं यह स्वागत समारोह रखा था। उन्होंने कहा कि टोल बूथ संख्या 6 (भरतपुर की ओर) और संख्या 3 (धौलपुर की ओर) पर वाहनों को दूसरी लाइनों से निकालकर आवागमन प्रभावित नहीं किया गया। एसडीएम सैंपऊ कर्मवीर सिंह ने कहा कि उन्हें इस कार्यक्रम की कोई जानकारी नहीं थी और किसी प्रकार की अनुमति नहीं दी गई। यदि ऐसा हुआ है, तो इसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस कार्यक्रम ने स्थानीय हाईवे संचालन और नियमों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



### खाद की कालाबाजारी पर छापा मार कार्यवाही

# डीएपी के 76 बैग जप्त, विभाग ने करवाई एफआईआर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,(राजू शर्मा)।** जिले के राजाखेड़ा में शनिवार रात कृषि विभाग की टीम ने डीएपी उर्वरक की कालाबाजारी को लेकर कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए छापा मार कर डीएपी के 76 बैग जप्त किए। साथ ही काला बाजारी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ विभाग ने पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई है। जिला कलक्टर ने कहा कि विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए है।खाद की काला बजारी करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। ताकि किसान को खाद, बीज के लिए परेशान नहीं हो। उन्होंने बताया कि शनिवार रात को सूचना पर कृषि विभाग की टीम ने पुलिस साथ राजाखेड़ा के बागर गांव में एक स्टोर पर छापा मारा,जहां से 76 बैग डीएपी के जप्त किए गए हैं। विभाग के अधिकारियों ने मामले को लेकर राजाखेड़ा पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है, फिलहाल सभी डीएपी बैग को पहाड़ी स्थित क्रय-विक्रय सहकारी समिति के गोदाम में रखवाया गया है।मामले की जानकारी देते हुए उर्वरक निरीक्षक और कृषि अधिकारी प्रशिक्षण धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देश पर छापेमार कार्रवाई की गई है जिसमें सिंघावली खुर्द के बागर गांव में राकेश पुत्र हरिविलास के यहां एक कमरे में डीएपी के 76 कट्टे रखे हुए पाए गए हैं। अवैध भंडारण और कालाबाजारी के अंदेशे को ध्यान में रखते हुए सभी डीएपी बैग को जप्त कर लिया गया है। जिन्हें राजाखेड़ा के पहाड़ी में स्थित सहकारी समिति के गोदाम में रखवाया गया है कृषि अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा मामले को लेकर आरोपी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। कार्रवाई करने वाली टीम में संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार धौलपुर, सहायक निदेशक कृषि विस्तार धौलपुर, क्षेत्रीय सहायक कृषि अधिकारी देवेंद्र सिंह परमार, स्थानीय कृषि पर्यवेक्षक रोहित सिंह जायसवाल शामिल रहे।



## अधिवक्ताओं का हाईकोर्ट पीठ स्थापना की मांग पर विरोध प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामलाल जाट के नेतृत्व में शनिवार को अधिवक्ताओं ने संभाग स्तर पर हाईकोर्ट पीठ की स्थापना की मांग को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बार सचिव महेश सेन ने बताया कि अधिवक्ताओं ने स्वेच्छा से न्यायिक कार्य में भाग नहीं लिया और बार भवन के बाहर धरना देकर नारेबाजी की। धरने के दौरान अध्यक्ष रामलाल जाट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेंद्र काछवाल को महामहिम राष्ट्रपति और उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष गिरिराज सोनी, सह सचिव कुलदीप पालीवाल, कोषाध्यक्ष ललित कुमावत सहित सुखलाल बैरवा, गिरीशचन्द्र पुरोहित, महेश पगारिया, दिनेश खटीक, सुनील पंवार, मुकेश तलेसरा, अनिल खंडेलवाल, योगेश कावडिया, चन्द्रशेखर आचार्य, मनीष जोशी, यशवंत शर्मा, प्रजीत तिवारी, दिग्विजय सिंह, प्रवीण मंडोवरा, रजनीकांत सनाढ्य, मान सिंह, ललित सिंह, राजसिंह, रितेश, अमित सरूपरिया, ईश्वर पहाडिया, महिपाल सिंह, दिनेश बंशीवाल, पंकज शर्मा, राहुल जोशी सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# अमावस्या पर पितरों को अंतिम जल तर्पण के साथ हुआ श्राद्ध पक्ष का समापन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा) ।** आश्विन मास के शुक्ल पक्ष पूर्णिमा से कृष्ण पक्ष अमावस्या तक 16 दिन तक चलने वाले श्राद्ध पक्ष का रविवार को अंतिम दिन रहा। शहर के बसेड़ी रोड स्थित पार्वती नदी किनारे और सरमथुरा रोड पर बामनी नदी पुल पर श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही अंतिम जल तर्पण के लिए जुटी रही। पंडित महेश पाराशर ने बताया कि पिछले 15 दिन से पितृ जल तर्पण किया जा रहा था। अमावस्या तिथि पर 16वें दिन कुसा विसर्जन के साथ पितरों की विशेष पूजा की गई। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने घरों में भी तीन पीढियों के भूले-बिसरे पुरखों का श्राद्धकर्म कर श्राद्ध पक्ष का समापन किया। इस अवसर को पितृ मोक्ष, हर्षण और सर्वार्थ सिद्धि योग में मान्यता प्राप्त थी, जिससे पितरों की विदाई के साथ आने वाले समय के शुभ संकेत भी माने जाते हैं।



**शारदीय नवरात्र का आगाज**

सोमवार से शारदीय नवरात्र का शुभारंभ होगा। शहर के राज राजेश्वरी कैला माता मंदिर में मुख्य आयोजन होगा, वहीं विभिन्न पंडालों में सामूहिक रूप से प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। तुलसीवन रोड स्थित बम-बम बाबा आश्रम में भी मां महिषासुर मर्दिनी की स्थापना की जाएगी, जिसके लिए आश्रम से जुड़े पदाधिकारी और संत तैयारी में जुटे हैं।

# पटेल आदर्श विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक मे दो दिवसीय जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के केकड़ी में आदर्श विद्या निकेतन के प्रधानाचार्य रामेश्वर चौहान ने बताया कि विद्या भारती संस्थान अजमेर की योजना अनुसार दिनांक 20 सितंबर से 21 सितंबर तक जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया। संस्कृति महोत्सव में अजमेर जिले के 17 विद्यालयों के बाल, किशोर व तरुण वर्ग के 113 भैया , 204 बहिनें , 7 आचार्य व 25 दीदियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में जिला सचिव संजय शर्मा, जिला संस्कृति प्रमुख भगवान प्रसाद जोशी प्रबंध समिति अध्यक्ष बिरदी चंद वैष्णव व उपाध्यक्ष अरविंद गर्ग की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथियों का परिचय सचिव राजेश शर्मा ने करवाया। संस्कृति महोत्सव प्रमुख भगवान प्रसाद जोशी ने बताया कि शिशु बाल , किशोर व तरुण वर्ग में कविता , सुगम संगीत , कथा कथन , प्रश्न वाचन और अंताक्षरी , आशु भाषण , मूर्ति कला की प्रतियोगिता व आचार्य दीदियों में पत्र वाचन प्रतियोगिता रही जिसमें प्रथम प्रीति बैरवा केकड़ी रही । प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में आभा बेली,शशि विजय , रुचिका कुमावत , राधा माहेश्वरी सह सचिव प्रबंध समिति ,ऋषभ मित्तल,राजेंद्र कलवार भूमिका निभाई। कार्यक्रम समापन सत्र में मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल गायक कलाकार व विशिष्ट अतिथि नगर संघचालक सुभाष भाल रहें। मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल ने कहा कि सभी प्रकार की कलाएं विशिष्ट होती है तथा कला का सर्जन करने के लिए मंच की आवश्यकता होती हैं ये कलाएं ईश्वर की कृपा है तथा बांस की बांसुरी में घणों इतरावे व सांवरिया सेठ मारी राधा जी सेठानी भजन गाकर सभी का मन मोहा। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में विद्या भारती विद्यालयों के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह, राजू माली , शक्ति सिंह, राजेश घुसर , ब्रजेश मुद्गल , सांवरिया, बनवारी सोनी , लादूराम रेगर अर्चना शर्मा , सुमन सैन व जिला संस्कार केंद्र प्रमुख संग्राम सिंह का विशेष सहयोग रहा।



कार्यक्रम में प्रबन्ध समिति सदस्य ममता विजय , हरिराम चौधरी उपस्थित रहें। कार्यक्रम में आए सभी का आभार प्रकटीकरण संजय शर्मा जिला सचिव अजमेर ने किया।कार्यक्रम का संचालन आचार्य राहुल कुमार साहू ने किया।

## शारदीय नवरात्रि पर कपासन में घर-घर विराजेंगी मां जगदंबा, गुजराती मोची समाज करेगा पारंपरिक आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** शारदीय नवरात्रि पर्व 2025 के अवसर पर कपासन क्षेत्र में आज सोमवार से घर-घर और सार्वजनिक स्थलों पर मां जगदंबा की प्रतिमाएं विधिविधान के साथ स्थापित की जाएंगी। नगर और ग्रामीण अंचलों में श्रद्धालुओं के बीच भक्ति और उत्साह का वातावरण व्याप्त है।

प्रतिदिन पूजा-अर्चना, आराधना, गरबा नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कपासन नगरपालिका क्षेत्र में पिछले 50 वर्षों से गुजराती मोची समाज के तत्वावधान में नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जाता रहा है। यहां नवरात्रि के नौ दिनों तक अखंड ज्योत प्रज्वलित रहती है और महिलाएं, पुरुष, युवा व बच्चे हाथ और डांडियों के साथ पारंपरिक गरबा नृत्य का आनंद लेते हैं। इस वर्ष भी समाज की ओर से आयोजन स्थल पर मार्गों के सुदृढ़ीकरण, विशेष साफ-सफाई और अन्य आवश्यक तैयारियों की व्यवस्था की गई है। नगर पालिका कपासन के अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं समाजसेवी नंदकिशोर सोनी ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उनके साथ भाजपा नेता एवं समाजसेवी अरुण बाघमार, दैनिक बढ़ता राजस्थान के कपासन प्रतिनिधि सुनील कुमार डभाड़ीया, गुजराती मोची समाज के बालुमकंद परमार और बाबूलाल परमार मौजूद रहे।

## माहेश्वरी पंचायत बोर्ड का निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर सफलतापूर्वक संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर,(अनिल सिखवाल)।** समाज सेवा के सराहनीय प्रयास के रूप में श्री माहेश्वरी पंचायत बोर्ड की ओर से रविवार को पाली बाजार स्थित माहेश्वरी भवन में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बोर्ड अध्यक्ष दिलीप कुमार जाजू एवं पदाधिकारियों ने भगवान महेश के माल्यार्पण से किया।सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस शिविर में वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय बंग ने मरीजों को परामर्श दिया। उन्होंने घुटना दर्द, कंधा दर्द, कमर दर्द सहित विभिन्न हड्डी रोगों की जांच कर उपचार संबंधी सुझाव दिए। साथ ही मरीजों को रोबोटिक सर्जरी, टोटल नी रिप्लेसमेंट, नी आर्थोस्कोपी, कंधा रिप्लेसमेंट जैसी आधुनिक तकनीकों की जानकारी भी दी। शिविर के दौरान डॉ. बंग और उनकी टीम का बोर्ड पदाधिकारियों ने उपरणा पहनाकर स्वागत किया। आयोजन में मनीष दरक, प्रभाती राठी, नवनीत भराडिया, श्यामसुंदर झंवर, कैलाशचंद झंवर, सूर्यप्रकाश झंवर, पुरुषोत्तम भूतड़ा, राजकुमार हेडा, नारायण हेडा, मुकेश झंवर, अजय सोमानी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं दीं।पदाधिकारियों ने बताया कि समाज हित में ऐसे शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे ताकि आमजन विशेषज्ञ परामर्श व उपचार का लाभ ले सकें।

## दौलजी का खेड़ा में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** ग्राम दौलजी का खेड़ा में आयोजित दो दिवसीय 24वीं प्राथमिक विद्यालय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता के दौरान खिलाडियों ने विभिन्न खेलों में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षक धर्मराज ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक अर्जुनलाल जीनगर, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन गोपाललाल शर्मा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश पाराशर, शंभूलाल जाट, पंचायत समिति सदस्य गिरधारीलाल और सरपंच प्रतिनिधि सोहनलाल भील की उपस्थिति में हुआ। प्रतियोगिता का संचालन शारीरिक शिक्षक उज्ज्वल दाधीच ने किया। समापन सत्र में जिला कांग्रेस प्रवक्ता एवं पंचायत समिति उपप्रधान हर्षवर्धन सिंह, शोभालाल गाडरी और मुकेश जाट विशेष अतिथि रहे। इस अवसर पर प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाडियों को सम्मानित किया गया। भामाशाह गजेंद्र सिंह ने विजेता खिलाडियों को बैग वितरित किए, वहीं राजपाल सिंह, पर्वत सिंह, कान सिंह, भगवत सिंह, धर्म सिंह भोपाजी, श्रवण सिंह, नेपाल सिंह और लाल सिंह सहित अन्य भामाशाहों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य निर्णायक सत्यनारायण जोशी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## ट्रेलरों से सरिया चोरी का खुलासा - सात चालक गिरफ्तार, 17 टन माल बरामद

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर,(अनिल सिखवाल )।** आनंदपुर कालु थाना पुलिस ने ट्रेलरों से स्टील सरिया चोरी का पर्दाफाश करते हुए 7 ट्रक चालकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 17 टन 25 एमएम स्टील सरिया बरामद किया है, जिसकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा एवं वृत्ताधिकारी जैतारण सतेन्द्र नेगी के सुपरविजन में की गई। 18 सितम्बर को अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड यूनिट बलाड़ा के एडमिन हेड धीरेन्द्र सिंह ने रिपोर्ट दी थी कि ट्रेलर चालक रास्ते में प्रत्येक ट्रेलर से 6-7 टन सरिया उतारकर कंपनी को करीब 22-23 लाख रुपये का नुकसान पहुँचा रहे हैं।

### सूरज माली के साथ हुई घटना से चहुंओर जनता में व्याप्त भारी आक्रोश

# कपासन के सूरज माली के लिए हो रहे धरना प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया संबोधित

बढ़ता राजस्थान





कपासन (नि.स.)। माली समाज एवं सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित धरना प्रदर्शन मे पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने कहाकि यहां आमजन मे इस घटना को लेकर इतना आक्रोश है ।कि कल कपासन पूरी तरह बन्द रहा एवं आज धरने में छत्तीसों कौम के हजारों लोग इक\` हुए हैं। जिससे धरना जन आक्रोश के चलते आमजन बैठक में बदल गया ।सूरज माली ने स्थानीय भाजपा विधायक कपासन के राजेश्वर तालाब में पानी लाने के चुनावी वादा एक वीडियो सोशल मीडिया पर डालकर याद दिलाया था ।जिसके कारण भीलवाड़ा से आये बजरी माफिया एवं उपद्रवी तत्वों ने उनसे मारपीट की।

सूरज को इतना पीटा कि इलाज के लिए पहले उन्हें कपासन से चित्तौडग़ढ़ उदयपुर एवं अहमदाबाद रैफर करना पड़ा ।उनके शरीर में करीब 25 फ्रैक्चर आए हैं ।यह रहस्य बना हुआ है कि जिस नौजवान की किसी से कोई दुश्मनी नहीं हैं ।उसे इतना क्यों मारा गया ।स्थानीय लोगों ने बताया कि स्थानीय पुलिस ने पहले इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की क्योंकि आरोप स्थानीय भाजपा विधायक उनके परिजनों पर है ।जनता का आरोप है कि बढ़ते दबाव के बाद पुलिस ने 3 लोगों को पकड़ा ।जिनमें दो तो डमी आरोपी हैं ।इस घटना का मुख्य आरोपी को अभी भी गिरफ्तार नहीं किया गया है ।साथ ही सूरज माली के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है ।इसके बावजूद सरकार या स्थानीय प्रशासन ने उनके इलाज में कोई मदद नहीं की ।कपासन के स्थानीय व्यापारियों ने चंदा इक_ा कर सूरज माली के इलाज में मदद की है ।अपराधियों पर कार्रवाई नहीं करने को लेकर स्थानीय पुलिस के प्रति भी लोगों में गहरी नाराजगी है ।यह भाजपा सरकार के लिए शर्म की बात है ।में दो दिन से मेवाड़ के दौरे पर हूं ।ये प्रदेश में हो क्या रहा है चारों ओर अपराध से हाहाकार की स्थिति मची हुई है। हर जिले में बच्चियो महिलाओं के साथ बलात्कार हो रहे हैं ।कई मामलों में आरोपी तक नहीं पकड़े जा रहे। इसलिए कपासन में ऐसी घटना हुई ।जिसमें स्थानीय विधायक एवं उनके परिजनों का नाम आना दुर्भाग्यपूर्ण है ।मैंने यहां कलेक्टर एवं एसपी से भी बात की एवं जनता की मांग उन तक पहुंचाई है ।मैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से कहना चाहता हूं कि इस मामले को स्पेशल केस मानकर सीएमआरएफ के माध्यम से सूरज माली के परिवार को अनुदान दें। सूरज माली के निःशुल्क उपचार की की घोषणा करें। साथ ही इस घटना पर अविलंब कार्रवाई न करने के दोषी पुलिसकर्मियों पर एक्शन लें। उक्त धरने को पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना, कांग्रेस जिलाध्यक्ष चित्तौडग़ढ़ एवं पंचायत समिति कपासन प्रधान भैरूलाल चौधरी,प्रदेश कांग्रेस सचिव डॉ. ललित बोरीवाल,कांग्रेस नेता,प्रमोद कुमार मोदी, दिनेश चाष्टा,नगर मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा,पार्षद रोशन सोनी,लोकेश राव,पूर्व पार्षद मदन कुमावत सहित माली समाज के नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया ।कार्यक्रम संचालन भेरुलाल बारेगामा ने किया ।धरना प्रदर्शन में उमड़ी भीड़ ने आंदोलनकर्ताओं को संबल मिला।

## तांडव वुशु एकेडमी ने प्रतियोगिता में चमक बिखेरी, जीते 23 पदक



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** तांडव स्पोर्ट्स वुशु एकेडमी के खिलाडियों ने 69वीं जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण, 8 रजत और 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। कुल 23 पदक जीतकर खिलाडियों ने न केवल एकेडमी बल्कि जिले का भी गौरव बढ़ाया।

जिला वुशु संघ के सचिव नरेंद्र सिंह शक्तावत और टीम कोच अंकित नाथ योगी ने बताया कि खिलाडियों ने कड़े संघर्ष और मेहनत के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में अंशुल, विक्रम सिंह, विशाल योगी, डूंगर सिंह, लक्ष्यराज, हार्दिक, कुलदीप सिंह, हनुमान शर्मा, शैतान सिंह, विजयपाल, हरिओम माली, सारम और करण ने स्वर्ण पदक हासिल किए।

वहीं अभिषेक पारिक, दिशु खीची, रतन नाथ, निर्मल, नरेंद्र सिंह, चंद्रवीर सिंह, महिपाल सिंह और अभिराज सिंह ने रजत पदक जीते। इसके अलावा भूपेंद्र सिंह और भेरू रेबारी ने कांस्य पदक प्राप्त किए।

उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर एकेडमी के 13 खिलाडियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। विजेताओं ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और कोच नरेंद्र सिंह शक्तावत एवं अंकित नाथ योगी को देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत और मार्गदर्शन का परिणाम है।

## भाजपा समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक और प्रदर्शनी में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौडग़ढ़ सांसद सीपी जोशी ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने की। इस अवसर पर सांसद जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन एवं जनहित कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

समीक्षा बैठक में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान और जीएसटी रिफॉर्म अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। सांसद सीपी जोशी ने कहा कि अभियानों की सफलता के लिए आमजन से सीधा संवाद और कार्यकर्ताओं के बीच मजबूत नेटवर्किंग आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे योजनाबद्ध तरीके से जनता के बीच जाएं और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को प्रस्तुत कर उन्हें प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य से जोड़ें। उन्होंने कहा कि जब भारत विकसित राष्ट्र बनेगा तो हर नागरिक यह गर्व से कह सके कि इसमें उसका भी योगदान रहा है।

बैठक के प्रारंभ में जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने सेवा पखवाड़े में अब तक हुए कार्यक्रमों की रिपोर्ट पेश की और आगामी गतिविधियों की रूपरेखा साझा की। उन्होंने विश्वास जताया कि भीलवाड़ा जिला इस बार भी प्रदेश में अव्वल रहेगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया और आभार महामंत्री कन्हैयालाल जाट ने व्यक्त किया।

### कैलाश विजयवर्गीय का भव्य स्वागत

कार्यक्रम के दौरान पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री एवं मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व और सांसद सीपी जोशी की मौजूदगी में भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। विजयवर्गीय ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि पार्टी की कार्यशैली ऐसी होनी चाहिए कि जनता कार्यकर्ताओं को पहचान सके और कार्यकर्ता भी आमजन की जरूरतों को समझें।

### बैठक में रहे मौजूद

समीक्षा बैठक में विधायक जब्बरसिंह सांखला, लादूलाल पीतलिया, उदयलाल भडाना, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, महापौर राकेश पाठक सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, अभियानों के संयोजक-सहसंयोजक, पार्षदगण व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सम्मेलन में 69 सह-योग शिक्षकों को मिले प्रमाणपत्र

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** पतंजलि परिवार भीलवाड़ा द्वारा गौतम शिक्षण संस्थान में कार्यकर्ता सम्मेलन और सह-योग शिक्षक प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सह-राज्य प्रभारी भारत स्वाभिमान न्यास मदन मोहन सैनी मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता संगठन के संरक्षक भूपेंद्र मोगरा ने की। इस अवसर पर राज्य कार्यकारीणी सदस्य सुरेश शर्मा, संस्थान के उपाध्यक्ष प्रभाकर चतुर्वेदी, जिला प्रभारी भीमाराम, भंवरलाल शर्मा (पतंजलि योग समिति), भंवरलाल सेन (किसान सेवा समिति) और युवा भारत के पियुष शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। जिला महामंत्री प्रेम शंकर जोशी ने बताया कि सम्मेलन में जिले में संचालित योग कक्षाओं के विस्तार और तहसील स्तर पर योग, प्राणायाम और आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार को लेकर कार्ययोजना बनाई गई। इस अवसर पर 69 सह-योग शिक्षकों को, जिन्होंने प्रशिक्षण पूरा किया है, अतिथियों द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

## आशापुरा माता धाम में आज से नवरात्र महोत्सव का आगाज

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर स्थानीय आशापुरा माता धाम में आज 22 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक शारदीय नवरात्र महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रतिदिन माँ आशापुरा का आकर्षक श्रृंगार होगा तथा सुबह 6:15 बजे और शाम 7 बजे विशेष आरती आयोजित की जाएगी। कल दोपहर 12:06 बजे घट स्थापना, पताका पूजन व ध्वजारोहण से महोत्सव का शुभारंभ होगा। इस दौरान भजन मंडलियों की प्रस्तुतियाँ व 30 सितम्बर को अष्टमी मेले में भजन गायक भागचंद सोलीवाल की भजन संध्या विशेष आकर्षण रहेगी। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

### नई पीढ़ी नशे से दूर रहकर खेल, शिक्षा और सेवा की राह पर आगे बढ़ेगी

# नशा मुक्त युवा फ़ॉर विकसित भारत अभियान अंतर्गत युवाओं ने ली शपथ

बढ़ता राजस्थान




**अजमेर (घनश्याम दास)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 21 सितंबर 2025 को देश भर में विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा विषय पर 1700 युवा शिखर सम्मेलनों की श्रंखला आयोजित करवाई गई । चिश्ती फाउंडेशन अजमेर के सानिध्य में पूरे अजमेर जिले में कई स्थानों में ये कार्यक्रम आयोजित हुए - भीमपुरा पिसांगन, पचमाता नसीराबाद, बिठूर नसीराबाद, एवं दरगाह बाजार अजमेर में । साथ ही मिर्जापुर उत्तरप्रदेश में भी चिश्ती फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान

रविवार को अजमेर के ऐतिहासिक दरगाह बाज़ार में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की आध्यात्मिक विरासत और युवा शक्ति में निहित, नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध एक सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प को बढ़ावा देना रहा ।कार्यक्रम आयोजक हाजी सैयद सलमान चिश्ती, गद्दीनशीन दरगाह अजमेर शरीफ़ एवं चेयरमैन - चिश्ती फाउंडेशन ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जुलाई माह में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वाराणसी में आयोजित हुई नशा मुक्ति समिट में 'काशी घोषणापत्र' जारी किया गया । इस घोषणा पत्र में नशा मुक्ति अभियान को राष्ट्रीय जन आंदोलन बनाने की बात कही गई है । उन्होंने कहा कि अजमेर और इसके आसपास के गाँवों से लेकर मिजर्ापुर और देशभर में फैले कार्यक्रमों में युवाओं का यह संकल्प स्पष्ट संदेश देता है कि नई पीढ़ी नशे से दूर रहकर खेल, शिक्षा और सेवा की राह पर आगे बढ़ेगी। यह केवल एक शपथ नहीं बल्कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की नींव है। जिला युवा अधिकारी , मेरा युवा भारत अजमेर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार श्री जयेश मीना ने बताया कि इस अभियान में प्रभावित व्यक्तियों को सीधे सम्मिलित करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, युवा मंडलों के नेटवर्क से जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा । युवाओं के नेतृत्व में नशा विरोधी क्लबों का निर्माण और कौशल भारत, फिट इंडिया और एक भारत श्रेष्ठ भारत सहित प्रमुख राष्ट्रीय योजनाओं के साथ जुडक़र युवा मंडलों को जोड़ा जाएगा । उन्होंने चिश्ती फाउंडेशन द्वारा शॉर्ट टर्म, मीडियम टर्म और लॉन्ग टर्म रोड मैप बनाया जाने का आग्रह किया । कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे—सैयद अफ़शान चिश्ती (पूर्व सदस्य, मौलाना आज़ाद संस्थान, भारत सरकार), श्री उमेश गर्ग (समाजसेवी), श्री रफ़ीक क़ादरी (सर्वधर्म समिति), श्री यासीन सिलावट (मुस्लिम संस्थान), एडवोकेट सैयद दानिश अली, श्री बाबूलाल साहू, श्री हरिओम साहो, श्री नरेंद्र सिंह दैमा, अन्नपूर्णा सेवा समूह, ख़ुद्दाम-ए-ख़्वाजा ग़रीब नवाज़ तथा देशभर से आए अनेक श्रद्धालु। सभी गणमान्य अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने युवाओं को प्रोत्साहित किया और नशा मुक्ति अभियान को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

# फलस्तीन को मान्यता देने वाले देशों पर भड़के इस्राइली पीएम नेतन्याहू

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एंजेन्सी)।** ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के फलस्तीन को देश की मान्यता देने पर इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू भड़क गए। नेतन्याहू ने कहा कि फलस्तीन को मान्यता देना आतंकवाद के लिए एक बड़ा इनाम है। मेरे पास आपके लिए एक और संदेश है- ऐसा नहीं होगा। फलस्तीनी राज्य की स्थापना नहीं की जाएगी। नेतन्याहू ने कहा कि इस्राइल की प्रतिक्रिया की घोषणा तब की जाएगी जब वह अमेरिका से लौटेंगे। नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने गए हैं।

इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की प्रवक्ता शोश बद्रोसियन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि उनका देश यूरोप की राजनीतिक जरूरतों के कारण फलस्तीन को एक देश के रूप स्वीकार कर आत्महत्या नहीं करेगा। यह भी कहा कि फलस्तीन कभी देश नहीं बन सकता। फलस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता देने की घोषणा के बाद कांग्रेस ने रविवार को मोदी सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने कहा कि फलस्तीन पर भारत की नीति, विशेष रूप से पिछले 20 महीनों से शर्मनाक और नैतिक कायरतापूर्ण रही है। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और ब्रिटेन ने अभी-अभी फलस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता दी है तथा अन्य देशों द्वारा भी शीघ्र ही ऐसा करने की उम्मीद है। भारत ने 18 नवंबर 1988 को फलस्तीनी राज्य को औपचारिक रूप से मान्यता दे दी थी।



### पीएम कार्नी का एलान

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घोषणा की कि उनकी सरकार ने फलस्तीन को मान्यता दे दी है। उन्होंने पहले ही जुलाई में संकेत दिया था कि वह यह कदम उठाएंगे। कार्नी ने कहा कि यह मान्यता दो-राज्य समाधान की दिशा में शांति बहाल करने का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

### ऑस्ट्रेलिया ने भी दी मान्यता

ऑस्ट्रेलिया ने औपचारिक रूप से फलस्तीन राज्य को मान्यता दे दी है। यह फैसला गाजा युद्ध और बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच आया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा से पहले ऑस्ट्रेलिया का यह एलान पश्चिम एशिया की राजनीति में बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

### ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने दी मान्यता

इससे पहले ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने फलस्तीन को एक देश की मान्यता देने का एलान किया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि इस फैसले का उद्देश्य फलस्तीनियों और इस्राइलियों के लिए शांति की उम्मीद को जीवित रखना है। स्टार्मर ने कहा कि भले ही यह फैसला प्रतीकात्मक है, लेकिन यह एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है जब दोनों समुदायों के बीच स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए जाएं। स्टार्मर का कहना है कि यह मान्यता केवल हमास को नहीं बल्कि फलस्तीन की जनता को दी जा रही है। उन्होंने साफ कहा कि हमास का भविष्य में शासन में कोई स्थान नहीं होगा और उसे सात अक्तूबर 2023 के हमलों में पकड़े गए इस्राइली बंधकों को तुरंत रिहा करना होगा।

# मिथुन मन्हास BCCI अध्यक्ष बनने की दौड़ में आगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** मिथुन मन्हास भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के अध्यक्ष बनने की दौड़ में सबसे आगे है। दिल्ली में शनिवार को एक केंद्रीय मंत्री के घर हुई मीटिंग में BCCI के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। इसमें सभी ने मिथुन के नाम पर सहमति जताई। हालांकि आधिकारिक घोषणा 28 सितंबर को बोर्ड की वार्षिक आम बैठक के बाद ही होगी। मिथुन मन्हास ने रविवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। यह नामांकन मुंबई में BCCI मुख्यालय में दाखिल किया गया। नामांकन जमा करने की अंतिम तारीख रविवार दोपहर तक थी।

मिथुन मन्हास के अलावा BCCI के अन्य प्रमुख पदों के लिए भी नामांकन दाखिल किए गए हैं। BCCI सचिव देवजीत सैकिया, IPL गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष अरुण धूमल और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के अध्यक्ष व पूर्व भारतीय क्रिकेटर रघुराम भट्ट ने भी अपने-अपने पदों के लिए नामांकन दाखिल किया है। रघुराम भट्ट को BCCI का नया कोषाध्यक्ष बनाए जाने की संभावना है। 2019 में BCCI के संविधान में संशोधन के बाद आम तौर पर इस तरह के नामांकन बिना किसी विरोध के स्वीकार हो जाते हैं। BCCI का मानना है कि बोर्ड का नेतृत्व किसी क्रिकेटर को करना चाहिए। इससे पहले सौरव गांगुली और रोजर बिन्नी BCCI के अध्यक्ष रह चुके हैं।



### मिथुन मन्हास BCCI के पहले ऐसे अध्यक्ष होंगे, जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेला

मिथुन मन्हास कभी भी टीम इंडिया के लिए नहीं खेले। वे BCCI के पहले ऐसे अध्यक्ष होंगे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला। हालांकि उनके पास 157 फर्स्ट क्लास मैचों का अनुभव है। वह दिल्ली डेयरडेविल्स, पुणे वॉरियर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में खेल चुके हैं। पिछले कुछ सालों में उन्होंने जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (JKCA) में प्रशासक के तौर पर काम किया है। बीसीसीआई की AGM में भी हिस्सा ले चुके हैं।

## बीकानेर में CJI बीआर गवई के सामने गूंजे नारे, वकीलों ने हाईकोर्ट बेंच की मांग पर जताई नाराजगी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एंजेन्सी)।** महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय का सभागार शनिवार को उस समय गहमागहमी का केंद्र बन गया, जब मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के संबोधन के बाद वकीलों ने जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। वकीलों की मांग थी कि बीकानेर में हाईकोर्ट की बेंच स्थापित की जाए। यह कार्यक्रम संविधान के 75 वर्ष और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान विषय पर आयोजित था। इसमें बड़ी संख्या में वकील शामिल हुए। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि कई वकीलों को सीटें न मिलने के कारण सीढ़ियों पर बैठना पड़ा। वकीलों को उम्मीद थी कि सीजेआई अपने संबोधन में बीकानेर हाईकोर्ट बेंच पर कोई ठोस घोषणा करेंगे। लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो माहौल अचानक बदल गया और नाराजगी नारेबाजी में तब्दील हो गई। सुप्रीम कोर्ट के दो न्यायाधीश और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी मंच पर मौजूद थे। इसी दौरान वकीलों ने 'वी वांट हाईकोर्ट' के नारे लगाने शुरू कर दिए।

# दक्षिण लेबनान में इस्राइल ने किया ड्रोन हमला



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एंजेन्सी)।** इस्राइल लगातार हिजबुल्लाह और उसके सहयोगियों को निशाना बना रहा है। इसी क्रम में अब उसने दक्षिण लेबनान में रविवार को हुए ड्रोन हमले किए। इन हमलों में पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन मासूम बच्चे भी शामिल हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस हमले को लेकर जानकारी दी है। संसद अध्यक्ष नबीह बेरी ने बताया कि मृतकों में बच्चों के पिता भी शामिल हैं, जिनके पास अमेरिकी नागरिकता थी। इस हमले में घायल दो लोगों में मृतक की पत्नी भी शामिल हैं। वहीं, अमेरिकी दूतावास से अभी हमले में मारे गए अमेरिकी नागरिक को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब हिज्बुल्लाह को निशस्त्र करने की अंतरराष्ट्रीय मांग तेज हो रही हैं। नवंबर में अमेरिका की मध्यस्थता से हुए संघर्षविराम के बाद से इस्राइल लगभग रोजाना दक्षिणी लेबनान में हमले कर रहा है। समझौते के तहत इस्राइल और हिज्बुल्लाह को पीछे हटना था, लेकिन इस्राइली सेना अब भी सीमा पर पांच लेबनानी चौकियों पर काबिज है।

### हिजबुल्लाह अपने रुख से पीछे हटने को तैयार नहीं

वहीं दूसरी ओर, हिज्बुल्लाह ने भी साफ किया है कि वह अपने रुख से पीछे नहीं हटेगा। उसने दोहराया कि इस्राइल के लगातार हमलों से उसका हथियार छोड़ने का इरादा और कमजोर नहीं होगा। हिजबुल्लाह नेता हसन फदल्लाह ने कहा कि दुश्मन के ये हमले लोगों को अपनी जमीन और अधिकार छोड़ने पर मजबूर नहीं कर सकते, बल्कि प्रतिरोध के संकल्प को और मजबूत करेंगे।

# नेपाल की अंतरिम सरकार में पांच नए मंत्री, राष्ट्रपति पौडेल ने की नियुक्ति

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एंजेन्सी)।** नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए पांच नए मंत्रियों को शामिल किया। इसके साथ ही मंत्रिमंडल की कुल संख्या बढ़कर नौ हो गई है।

प्रधानमंत्री कार्की की सिफारिश पर राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने अनिल कुमार सिन्हा, महावीर पुन, संगीता कौशल मिश्रा, जगदीश खरेल और मदन परियार को नए मंत्री के रूप में नियुक्त किया है। राष्ट्रपति कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, इन सभी मंत्रियों का शपथ ग्रहण सोमवार को राष्ट्रपति भवन में होगा। स्वास्थ्य तथा जनसंख्या मंत्रालय का जिम्मा डॉ. संगीता कौशल मिश्रा को दिया गया है। वह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव थीं और मंत्री बनने का रास्ता साफ करने के लिए रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे चुकी हैं। शिक्षा, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्रालय की जिम्मेदारी महावीर पुन को सौंपी जाएगी। वह राष्ट्रिय आविष्कार केंद्र के अध्यक्ष हैं। संचार, सूचना तथा प्रौद्योगिकी मंत्रालय के लिए वरिष्ठ पत्रकार जगदीश खरेल का नाम आगे बढ़ाया गया है। वह इमेज मीडिया ग्रुप में समाचार प्रमुख रहे हैं। इसके अलावा, कृषि मंत्रालय का नेतृत्व मदन परियार करेंगे, जबकि उद्योग तथा भूमि सुधार मंत्रालय का कार्यभार पूर्व न्यायाधीश अनिल कुमार सिन्हा को सौंपा जाएगा। अब तक कैबिनेट में प्रधानमंत्री समेत कुल नौ मंत्री हो गए हैं। प्रधानमंत्री कार्की ने कई अहम मंत्रालय अपने पास ही रखे हैं।



### कार्की ने 12 सितंबर को संभाला था प्रधानमंत्री का पद

73 वर्षीय कार्की 12 सितंबर को प्रधानमंत्री बनी थीं। इससे पहले केपी शर्मा ओली की सरकार भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया प्रतिबंध को लेकर जेन-जी के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद गिर गई थी। इसके बाद बने राजनीतिक अनिश्चितता के दौर का अंत कार्की के प्रधानमंत्री बनने से हुआ।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।